www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

22 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 332

दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री बनीं आतिशी



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### रक्षा मंत्री चतरा और गढ़वा में हेमंत सोरेन सरकार पर बरसे

# झामुमो-कांग्रेस-राजद झारखंड के विकास में ब्रेकर: राजनाथ सिंह

- हजारीबाग और पलामू प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया
- चतरा में भद्रकाली और गढ़वा में वंशीधर मंदिर में की पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा/गढ़वा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक दिवसीय यात्रा पर झारखंड आये थे। वह सुबह 11 बजे चतरा पहुंचे। यहां मां भद्रकाली की पूजा की। इसके बाद भाजपा के परिवर्तन यात्रा रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और जनसभा को संबोधित किया। यहां पर उन्होंने हेमंत सरकार पर जम कर निशाना साधा। वहीं, वह शाम 3 बजे गढ़वा पहुंचे। यहां उन्होंने वंशीधर मंदिर में पूजा की और फिर भाजपा के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भी परिवर्तन यात्रा के रथ को रवाना किया और सभा को संबोधित किया। गढ़वा में राजनाथ ने राज्य सरकार के साथ-साथ कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

राजनाथ सिंह ने इटखोरी हाइस्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। भारत किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है। झारखंड के विकास की राह में तीन स्पीड ब्रेकर हैं, झामुमो, कांग्रेस और राजद। इन्हें झारखंड की सत्ता से हटाना है।

**हेमंत सरकार पर साधा निशाना:** राजनाथ सिंह ने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है। भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सोरेन की सरकार परिवारवाद को बढ़ावा देनेवाली है। इस सरकार को यहां के गरीब, आदिवासी, दलित, बेरोजगार, किसान, नौजवानों की कोई फिक्र नहीं है। पिछले पांच वर्षों में हेमंत सोरेन और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने झारखंड को कई वर्षों तक पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने झारखंड में तीन बार भाजपा को मुख्यमंत्री बनाने का मौका दिया। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि तीनों बार विकास हुआ। किसी भी मुख्यमंत्री के दामन पर दाग नहीं लगा। परंतु यह सरकार चारों तरफ से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार के दाग में लिपटी हुई है। उन्होने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ कर रहे हैं। झारखंड के लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। घुसपैठिए डेमोग्राफी बदल कर आदिवासी युवतियों से शादी कर रहे हैं। भाजपा झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा की सरकार बनेगी, तो देखेंगे किसमें कितनी हिम्मत है और वे क्या-क्या कर सकते हैं।

(पेज 07 भी देखें)



### हेलीकॉप्टर का इंधन खत्म, सड़क मार्ग से गये राजनाथ सिंह

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म हो गया। उसके बाद उन्हें सड़क मार्ग से रवाना होना पड़ा। वेहसड़क मार्ग से वाराणसी के लिए रवाना हुए। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री मनोज सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सड़क मार्ग से वाराणसी के लिए रवाना हुए हैं। वहां से दिल्ली जायेंगे।

## परिवारवाद को खत्म करने के लिए परिवर्तन यात्रा

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा साधारण नहीं है। यह इतिहास लिखने जा रही है। यह परिवर्तन यात्रा झारखंड के परिवारवाद की सरकार को सत्ता से हटाने वाली परिवर्तन यात्रा है। यह परिवर्तन यात्रा झारखंड को भ्रष्टाचार और अराजकता से मुक्त करने वाली परिवर्तन यात्रा है। यह परिवर्तन यात्रा झारखंड के बेरोजगार, किसान, आदिवासी, गरीब, शोषित, वंचितों को विकास देने वाली परिवर्तन यात्रा है। केंद्रीय मंत्री ने दावा करते हुए कहा कि झारखंड में इस बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही यहां विकास के काम शुरू होंगे और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

## विदेश जाकर राहुल गांधी करते हैं देश की आलोचना

राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं। कांग्रेस के शहजादा राहुल गांधी अमेरिका में भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। सिख धर्मावलंबियों को भड़काने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। राजनीति देश बदनाम करने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए होता है।

### अदिवासी युवा बहुत बहादुर हैं

राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के लोग मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते। झारखंड में विकास की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा अपनी जान की बाजी लगा कर देश की रक्षा कर रहे हैं। आदिवासी युवा बहुत बहादुर होते हैं। झारखंड बने 24 साल हो गये हैं और आगामी 15 नवंबर को झारखंड अपनी रजत जयंती मनायेगा। उन्होंने कहा कि वे इस रजत जयंती पर झारखंड के सभी लोगों को बधाई देते हैं।

### केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायी

रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत ने सभी क्षेत्रों में विकास किया है। आप अपने अगल-बगल भारत सरकार के किये गये कार्यों को देखते होंगे। शौचालय, पक्का मकान, सड़क, बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य समेत हर क्षेत्र में विकास का काम हुआ है। आज पूरा विश्व भारत की बातों को गंभीरता से लेता हैं। अगर डबल इंजन की सरकार बनेगी तो झारखंड का विकास तेजी से हो सकेगा।



> बांग्लादेशी घुसपैठिया झारखंड की जमीन पर कब्जा जमा रहे हैं सरकार मूकदर्शक बन कर देख रही है।सरकार के इशारे पर झारखंड की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है।
>
> **- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**



> हेमंत सोरेन की सरकार पांच सालों में कोई वादा को पूरा नहीं कर पायी। जनता अब परिवर्तन चाहती है। भाजपा की यह यात्रा उसी बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
>
> **- बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

## न्यूज रील्स

### नरेंद्र मोदी 9वीं बार अमेरिका दौरे पर पहुंचे



वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9वें अमेरिका दौरे पर फिलाडेल्फिया पहुंचे। यहां भारतीय प्रवासियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे बाइडेन के होम स्टेट डेलावेयर के लिए रवाना हुए। वे राष्ट्रपति बाइडेन से उनके होम स्टेट डेलावेयर में मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे तीन देशों के नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति के हाइ स्कूल में हो रही क्वाड समिट में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि क्वाड समिट इस साल भारत में होनी थी, पर अमेरिका के आग्रह पर इसे होस्ट करने का मौका बाइडेन को दे दिया। क्वाड 2007 में बनाया गया एक सुरक्षा सहयोग संगठन है, जिसका मकसद हिंद और प्रशांत महासागर में शांति और सहयोग को बढ़ावा देना और चीन को विस्तारवादी नीतियों को काउंटर करना है। इस संगठन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री पहले दिन भारतीय समयनुसार रात करीब डेढ़ बजे क्वाड समिट में हिस्सा लेंगे। सुबह चार बजे वे सर्विकल कैंसर से जुड़े एक इवेंट में शामिल होंगे। वहीं, बाइडेन डेलावेयर में अपने निजी घर पर क्वाड नेताओं के लिए डिनर होस्ट किया है, जिसमें नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री से मिले नये आर्चबिशप



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में कैथोलिक महाधर्मप्रांत रांची के नये आर्चबिशप विन्सेंट आईंद ने मुलाकत की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मौके पर आर्चबिशप सतीश, बिशप विनय कंडुलना, फादर अजीत खेस, फादर डेविड खलखो, फादर मुकुल कुल्लू, फादर महेंद्र तिग्गा, पास्टर जे० कुजूर एवं डेविड उपस्थित थे।

# इंटरनेट सेवा आज सुबह 4 बजे से ही बंद

**हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के निर्देश पर पूरे राज्य में रविवार को सुबह 4 बजे से शाम 3.30 बजे तक इंटरनेट की सभी सेवाएं बंद रहेंगी। इस दरम्यान लोग इंटरनेट संबंधी किसी भी सेवा का उपयोग नहीं कर पायेंगे। सरकार ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण राज्य में इंटरनेट सुविधा बंद किये जाने का फैसला लिया है। परीक्षा के कारण शनिवार को भी सुबह से दोपहर तक इंटरनेट सेवा को बंद किया गया था। उधर, सरकार द्वारा इंटरनेट बंद किये जाने के आदेश के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गयी है। इस पर शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट में जस्टिस आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद होगी।

खंडपीठ ने राज्य सरकार से जानना चाहा है कि परीक्षा के कारण छह घंटे झारखंड में इंटरनेट सेवा क्यों बंद की गयी, इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, व्यावसायिक सेवा, बैंकिंग सेवा, परिवहन सेवा आदि प्रभावित हुई हैं। इंटरनेट सेवा लोगों की मौलिक जरूरत में आती है। एक माह में अगर पांच परीक्षा होंगी, तो क्या पांच बार इंटरनेट सेवा बंद कर दी जायेगी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट इस विषय को देखेगी। किन परिस्थितियों में झारखंड में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है, इस पर कोर्ट निर्णय लेगी।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को प्रभावित करने की साजिश!

**धनबाद से दो युवक गिरफ्तार**

**अभ्यर्थियों की लिस्ट के साथ चेक बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड में हो रही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर धनबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने बताया कि लोहरदगा एसपी द्वारा सूचना मिली थी कि धनबाद में कुछ लड़के जेएसएससी परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र राउत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने झरिया थाना क्षेत्र में छापेमारी की और दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक जहानाबाद का रहने वाला है, जबकि दूसरा बोकारो के गोमिया का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि लड़कों के पास से तीन मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, तीन बैंकों के खाली बैंक चेक बरामद किये गये हैं। एक लिस्ट भी बरामद की गयी है, जिसमें कुछ लड़कों के नाम और परीक्षा केंद्र का नाम अंकित है। इस लिस्ट में कुल 21 लड़कों के नाम हैं। लोहरदगा एसपी को गिरफ्तारी की सूचना दे दी गयी है। मामले में लोहरदगा पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची अक्टूबर के पहले हफ्ते में जारी होगी : शिवराज सिंह चौहान

- अगले महीने जारी होगा भाजपा का घोषणा पत्र
- प्रत्याशियों पर रायशुमारी अंतिम चरण में है
- इस बार कुर्मी समाज को भी दिया जायेगा प्रतिनिधित्व
- महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए योजना लायेंगे
- युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया कराये जायेंगे
- सत्ता परिवर्तन के लिए हमसे ज्यादा यहां की जनता आगे है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए हमसे ज्यादा यहां की जनता आगे है। भाजपा प्रत्याशियों पर रायशुमारी अंतिम चरण में है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जायेगी। इस बार के चुनाव में कुर्मी समाज को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शीघ्र ही विशेष योजना लायी जायेगी। साथ ही युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया कराये जायेंगे। उक्त बातें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। वह शनिवार को रांची में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

बातचीत के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस बार जमशेदपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा और साहिबगंज एवं गिरिडीह में गृह मंत्री अमित शाह की परिवर्तन यात्रा ने लोगों की धारणा ही बदल दी है। झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए यहां के लोगों में गजब का उत्साह है। इसीलिए जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद भी काफी संख्या में लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने पहुंचे। साहिबगंज और गिरिडीह में आयोजित भाजपा की परिवर्तन यात्रा में लोगों की उपस्थिति यह बयां कर रही है कि इस बार परिवर्तन होकर रहेगा।

उन्होंने बताया कि भाजपा का घोषणा पत्र अगले महीने जारी कर दिया जायेगा। इसमें सबका ध्यान रखा गया है। प्रत्याशियों पर मंथन लगभग हो चुका है। रायशुमारी के बाद अगले महीने अक्टूबर के पहले सप्ताह में भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी जायेगी। इस बार कुर्मी समाज पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्हें भी प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।



### झारखंड में महिलाओं के लिए शीघ्र विशेष योजना लायेंगे

उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए सबसे पहले लाडली योजना हमने मध्यप्रदेश में लायी थी। इसके बाद जहां-जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां अलग-अलग नाम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं चल रही हैं। झारखंड में भी मुहिलाओं के लिए शीघ्र एक विशेष योजना लायी जायेगी। इसकी तैयारी चल रही है। हम फूल प्रूफ प्रोग्राम बना रहे हैं, ताकि महिलाओं को समय पर लाभ दे सकें और बाकी योजनाएं प्रभावित भी न हों। महिलाओं के साथ-साथ झारखंड के युवाओं को कैसे ज्यादा से ज्यादा रोजगार दिया जाये, इसकी तैयारी चल रही है।

## झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस बने एमएस रामचंद्र राव



रांची (आजाद सिपाही)। हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचन्द्र राव झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किये गये हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जिस पर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है। जस्टिस एमएस राव की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। ममीदन्ना सत्यरत्न रामचंद्र राव (जन्म 7 अगस्त 1966) एक भारतीय न्यायाधीश हैं। वर्तमान में वे हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं। वे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और तेलंगाना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। उन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# परिवर्तन यात्रा में दिख रही है झारखंड भाजपा की जीत की छटपटाहट

## ■ पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के दौरों ने बढ़ा दिया है राज्य का सियासी तापमान

## ■ भाजपा के लिए कम नहीं हुई हैं चुनौतियां, पथरीले रास्ते को सुगम बनाने का प्रयास

झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के राजनीतिक दल पूरी तरह तैयार हैं। इन तैयारियों का अंदाजा हाल के दिनों में राज्य में आयोजित राजनीतिक कार्यक्रमों से मिल जाता है। पहले विधानसभा के अंतिम सत्र में विपक्षी विधायकों का निष्कासन और अन्य घटनाएं, फिर मोरहाबादी मैदान में भाजयुमो की आक्रोश रैली, सत्तारूढ़ झामुमो द्वारा प्रमंडलीय और जिला मुख्यालयों में आयोजित कल्याणकारी कार्यक्रम और हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा में पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं की झारखंड यात्रा। ये घटनाक्रम बताते हैं कि विपक्ष, खासकर भाजपा अब चुनाव में जाने के लिए न केवल पूरी तरह तैयार है, बल्कि वह जम कर पसीना भी बहा रही है। झारखंड का यह विधानसभा चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होनेवाला है। भाजपा जहां महागठबंधन सरकार को सत्ता से हटा कर राज्य की सत्ता में अपनी वापसी कर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने की तैयारी में है, वहीं इंडिया गठबंधन एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में है। इन सबके बीच भाजपा की परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय नेताओं का शामिल होना बताता है कि भाजपा लगातार अपनी स्थिति को मजबूत बनाने की कोशिश कर रही है। इन राजनीतिक गतिविधियों, खास कर इस परिवर्तन यात्रा ने यह भी साबित कर दिया है कि पांच साल तक सत्ता से बाहर होने के बावजूद भाजपा का तेवर कहीं से भी नरम नहीं पड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा डिजाइन की गयी परिवर्तन यात्रा के अलावा झारखंड भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए और कौन से हथियार जमा किये हैं और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों के अंतिम चरण में अब एक बात साफ तौर पर दिखने लगी है कि इस बार भाजपा यह मुकाबला जीतने के लिए अपना सब कुछ झोंक चुकी है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के फौरन बाद जिस आक्रामक अंदाज में झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की, उसका परिणाम अब परिवर्तन यात्रा के रूप में सामने आ रहा है। 20 सितंबर से शुरू हुई इस यात्रा के दौरान राज्य भर की करीब साढ़े पांच हजार किलोमीटर की यात्रा की जायेगी और एक करोड़ लोगों से संपर्क किया जायेगा। झारखंड भाजपा का यह राजनीतिक कार्यक्रम विधानसभा चुनाव में उसके अनुकूल माहौल बनायेगा या नहीं, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन पार्टी ने इस कार्यक्रम को जितनी अहमियत दी है, उससे साफ हो गया है कि इस बार झारखंड भाजपा आर-पार के मूड में है।

### सभी केंद्रीय नेताओं को बुलाया

झारखंड भाजपा ने परिवर्तन यात्रा की रूपरेखा ऐसी तैयार की है, जिससे हर दिन इसकी चर्चा होती रहे। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमशेदपुर आकर कोल्हान से हुंकार भरी, तो अब अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और दूसरे केंद्रीय नेता इन यात्राओं में शामिल होकर इसे अलग लेवल पर ले जा रहे हैं या ले जानेवाले हैं। झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा डिजाइन की गयी इस परिवर्तन यात्रा में वास्तव में झारखंड भाजपा की जीत की छटपटाहट दिख रही है। इन केंद्रीय नेताओं के यात्रा में शामिल होने से पार्टी कार्यकर्ता तो उत्साहित हो ही रहे हैं, आम लोग भी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

### कमजोर बूथों पर भी जारी है काम

ऐसा नहीं है कि भाजपा ने पूरी ताकत केवल परिवर्तन यात्रा में झोंक दी है। पार्टी की प्रदेश इकाई हर उस मोर्चे पर सक्रिय है, जहां जीत की थोड़ी भी संभावना दिखाई दे रही है। इसमें वैसे बूथ शामिल हैं, जहां पार्टी या तो कमजोर स्थिति में है या फिर वहां मुकाबला नजदीकी है। इनमें वैसे बूथों पर खास ध्यान है, जिन पर भाजपा को मिलने वाले वोट कम-ज्यादा होते रहते हैं, लेकिन ये किसी सीट पर हार-जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। पार्टी ने मंडल स्तर से लेकर विधानसभा और लोकसभा स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को इन बूथों पर जनसंपर्क की निगरानी की जिम्मेदारी सौंप दी है और अपने-अपने क्षेत्र में काम देखने को कहा है। दरअसल अमित शाह के अध्यक्ष रहने के दौरान 2014 से 2019 के दौरान भाजपा ने देश भर में 10 लाख से अधिक बूथों को तीन श्रेणियों में बांट कर काम शुरू किया था। इनमें ए श्रेणी में उन बूथों को रखा गया था, जिन पर भाजपा को पिछले तीन चुनावों में लगातार 69 फीसदी से अधिक वोट मिलते रहे हैं।



दूसरी बी श्रेणी में उन बूथों को रखा गया था, जिन पर भाजपा को 40 से 60 फीसदी के बीच वोट मिले थे और तीसरी सी श्रेणी में 40 फीसदी से कम वोट वाले बूथों पर रखा गया था। अमित शाह ने ए श्रेणी के बूथों पर स्थिति को मजबूत रखते हुए बी श्रेणी के बूथों पर सक्रियता बढ़ाने और सी श्रेणी के बूथों पर भी अपेक्षाकृत बेहतर वोट हासिल करने की रणनीति बनायी थी। झारखंड भाजपा ने इसी रणनीति पर जोर-शोर से काम किया है और इसमें सफल भी हो रही है।

### 52 विधानसभा सीटों पर खास फोकस

लोकसभा चुनाव में राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल करने से झारखंड भाजपा में नये किस्म का उत्साह है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में इन सभी सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया है और परिवर्तन यात्रा के दौरान इन सीटों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने 60 से अधिक विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी। हालांकि उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार हुई थी, लेकिन भाजपा को करीब 52 लाख मत मिले थे। भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि इस बार वह विपक्ष में है। ऐसे में किसी सत्ता विरोधी लहर से उसे नहीं जूझना है। भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र के हिसाब से चुनाव अभियान चलाने की रणनीति तय की है। इस साल लोकसभा चुनाव में मिले 82 लाख मतों को विधानसभा चुनाव में पार्टी बढ़ाने का प्रयास करेगी।

### संथाल और कोल्हान में घुसपैठ, पलामू में रोजगार का मुद्दा

इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी में शामिल होने के बाद पार्टी का उत्साह बढ़ा है। भाजपा संथाल परगना के आदिवासी क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठ, कोल्हान में आदिवासी समाज के बीच घुसपैठ, पलामू प्रमंडल और रांची-धनबाद जैसे शहरी क्षेत्र में युवाओं के बीच बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और राज्य सरकार की वादाखिलाफी का मुद्दा जोरशोर से उठायेगी। पार्टी की रणनीति के मुताबिक सभी आदिवासी नेता अपने समुदाय को उनकी ही स्थानीय भाषा में घुसपैठ के नुकसान से अवगत करायेंगे।

झारखंड भाजपा को उम्मीद है कि इस चौतरफा घेरेबंदी के कारण उसकी जीत की संभावना कई गुना बढ़ जायेगी। इसलिए परिवर्तन यात्रा के सहारे वह उस पथरीले रास्ते को समतल करने का प्रयास कर रही है, जिससे होकर पार्टी का रथ सत्ता शीर्ष तक पहुंचेगा।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 52 अफसरों का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 52 पदाधिकारियों का स्थानांतरण प्रदस्थापन किया है। अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़ परवीन केरकेट्टा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम चाइबासा के पद पद स्थापित किया गया। अंचल अधिकारी सोनाराय ठाढ़ी देवघर पुष्पक रजक को सेवा राजस्व भूमि सुधार से वापस लेते हुए उन्हें भू संपदा पदाधिकारी आरआरडीए रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। उपनिर्वाचन पदाधिकारी सरायकेला-खरसावां गौतम प्रसाद साहू को अगले आदेश तक उपनगर आयुक्त रांची नगर निगम के पद पर स्थापित किया गया। उपसचिव वाणिज्कर विभाग राहुल जी आनंद जी को स्थानांतरित करते हुए अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया गया। उप सचिव कृषि विभाग फिलबियूस बारला को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर नगर आयुक्त रांची के पद पर पदस्थापित किया गया।




जिला परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा संजय कुमार को स्थानांतरित करते हुए अपर नगर आयुक्त रांची नगर निगम, अपने कार्यों के साथ सचिव रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम के पद पर पदस्थापित रणजीत लोहार को स्थानांतरित करते हुए उप सचिव स्वास्थ्य विभाग भूमि सुधार, उपसमाहर्ता देवघर प्रशांत कुमार लायक को स्थानांतरित करते हुए उपनगर आयुक्त गिरिडीह नगर निगम, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी महेंद्र कुमार को स्थानांतरित करते हुए उपसचिव कृषि विभाग, प्रतीक्षारत प्रेमलता मुर्मू को अगले आदेश तक का अपर समाहर्ता गोड्डा, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम जमशेदपुर अजय कुमार साहू को अगले आदेश तक सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कोल्हान प्रमंडल, प्रतीक्षारत लाल ज्योति नाथ शाहदेव वागले को आदेश तक उपनिदेशक राज्य ग्रामीण विकास संस्थान रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सरायकेला-खरसावां शंकराचार्य समाद की सेवा परिवहन विभाग से वापस लेते हुए उन्हें अगले आदेश तक जिला कल्याण पदाधिकारी जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया।

उपनिर्वाचन पदाधिकारी जामताड़ा अनीता केरकेट्टा की सेवा कार्मिक विभाग में दी गयी। उपसचिव वित्त विभाग विजय कुमार को अगले आदेश तक सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार हजारीबाग भेजा गया। उपसचिव स्कूली शिक्षा विभाग हरिवंश पंडित को अगले आदेश तक सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। उपनिदेशक खेलकूद मनीष कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सरायकेला खरसावां उत्तम प्रसाद को अगले आदेश तक उपनिदेशक भू संरक्षण भूमि संरक्षण निदेशालय रांची के पद पर स्थापित किया गया। अवर सचिव वन विभाग प्रभाकर ओझा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी झारखंड भवन नई दिल्ली के पद पर पदस्थापित किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी बेरमो प्रवीण कुमार की सेवा अगले आदेश तक राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग को सौंपा गया।

## अग्निवीर भर्ती रैली का रिजल्ट जारी

**रांची (आजाद सिपाही)। रांची के खेलगांव में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर देख सकते हैं। बता दें कि रांची में 27 जुलाई से 8 अगस्त तक जनरल ड्यूटी (जीडी), अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं और 8वीं) के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया था। सभी चयनित अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए 23 से 25 सितंबर की सुबह आठ बजे रांची सेना भर्ती कार्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है। 23 को बोकारो, चतरा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, खूंटी, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां। 24 को कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, धनबाद, ईस्ट सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, सिमडेगा, रामगढ़। 25 सितंबर को रांची, हजारीबाग, गिरिडीह और पलामू के अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जायेगा।**

# केंद्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री ने जरमुंडी क्षेत्र का दौरा किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस क्रम में केंद्रीय राज्य जल संसाधन मंत्री राज भूषण चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित के कार्यों की चर्चा की। कहा कि भाजपा के शासनकाल में जनता सुरक्षित है। उन्होंने प्रदेश की हेमंत सोरेन की सरकार को जन विरोधी बताते हुए उन्हें उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार प्रदेश की खजाना लूटने में लगी हुई है।

# रिम्स में इलाज के दौरान नक्सली जया मांझी की मौत, एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग उर्फ विवेक की थी पत्नी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की पत्नी जया मांझी की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी है। वह गॉल ब्लाडर के कैंसर से पीड़ित थी। उसका इलाज ओंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ अजीत कुशवाहा की यूनिट में चल रहा था। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया है कि पहले उनको सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया था, लेकिन कैंसर डिटेक्ट होने के बाद ओंकोलॉजी में शिफ्ट कर दिया गया था।




करीब डेढ़ माह पहले मेडिकल बोर्ड गठित कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गयी थी। मेडिकल बोर्ड ने उच्चतम मेडिकल संस्थान में रेफर करने की अनुशंसा की थी। रिम्स प्रबंधन ने मेडिकल बोर्ड की इस अनुशंसा को एक सप्ताह पहले भी रिमाइंडर के रूप में जेल प्रशासन को भेजा था। पीआरओ ने बताया कि गॉल ब्लाडर का कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल गया था। 25 लाख की इनामी नक्सली जया मांझी को 16 जुलाई 2024 को गिरिडीह पुलिस ने धनबाद के एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार किया था। तब वह नाम बदलकर इलाज करवा रही थी। जया मांझी भाकपा माओवादी संगठन कीमहिला विंग का कामकाज देखती थी। कुछ समय से जया की तबीयत खराब चल रही थी। इसी वजह से गुपचुप तरीके से उसे धनबाद के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गयी। जया का पति भाकपा माओवादी की सेंट्रल कमेटी का सदस्य है। उस पर एक करोड़ का इनाम है। वह धनबाद के टुंडी प्रखंड स्थित दलूबेडा का रहने वाला है। जया के खिलाफ भी गिरिडीह के अलग-अलग थानों में करीब दर्जन भर मामले दर्ज हैं। वह मधुबन थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भी शामिल थी।

# 11 आइएएस का ट्रांसफर, कई एसडीओ बदले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर देवघर आशीष अग्रवाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद पीयूष सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था धनबाद के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हांसदा को स्थानांतरित करते हुए परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण गुमला के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अवर सचिव वित्त विभाग शताब्दी मजुमदार को स्थानांतरित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत श्रुति राज लक्ष्मी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत रवि कुमार को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी देवघर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत दीपेश कुमारी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत कृष्णकांत कांवरिया को अगले आदेश तक हुसैनाबाद का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। सुलोचना मीणा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर सदर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत प्रांजल ढाडा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

## 18 अफसर की सेवा बीडीओ के लिए ग्रामीण विकास को

**रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने 18 झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सेवा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए ग्रामीण विकास विभाग को दी है। इनमें मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, नितेश कुमार गौतम, कांचन मुखर्जी, ललित नारायण तिवारी, कलिंद्र साहू, शिवबालक प्रसाद, लक्ष्मण यादव, रवि नंदन उरांव, श्रवण कुमार भगत, विजय उरांव, विजय रंजन तिर्की, सुनील कुमार मुरमू, विजय राम, प्रधान हांसदा, देवलाल करमाली, नेमन कुजूर सोमनाथ उरांव शामिल हैं।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.9 °C | 23.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.46 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



# इंटरनेट बैन को बाबूलाल ने तुगलकी फरमान करार दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दो दिनों के लिए इंटरनेट बैन को तुगलकी फरमान बताया है। इसे लेकर राज्य सरकार के फैसले की खिंचाई की है। एक्स पर पोस्ट करते कहा कि हेमंत सरकार द्वारा झारखंड में दो दिनों के लिए सुबह से दोपहर तक (8:00- 1:30 बजे दिन तक) इंटरनेट बंद किये जाने का निर्णय अव्यावहारिक और हास्यास्पद है। जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा देने के लिए कई राज्यों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इंटरनेट बंद कर देने के फैसले दूसरे राज्यों से आये अभ्यर्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट हमारी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

**रेल सेवा, हवाई सेवा, इंटरनेट हर जगह जरूरत बन चुका है**

बच्चों की पढ़ाई लिखाई से लेकर बैंकिंग कार्यों तक, सरकारी दफ्तरों से लेकर गांवों के प्रज्ञा केंद्रों तक स्कूल, कचहरी, अस्पताल, मकान, दुकान, सड़क यातायात, रेल सेवा, हवाई सेवा, इंटरनेट हर जगह की जरूरत बन चुका है। आपके द्वारा इंटरनेट बंद किये जाने के निर्णय से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों के काम-धंधे प्रभावित हो रहे हैं, राज्य की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है। बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन से कहा कि सिर्फ इंटरनेट पर ही पाबंदी क्यों लगा रहे हैं? लोगों के घरों से बाहर निकलने पर ही पाबंदी लगा दीजिए। बाजार बंद करा दीजिए। कर्फ्यू की घोषणा कर दीजिए। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बिना पूर्व सूचना के अचानक से देर रात इंटरनेट बंद करने का मूर्खतापूर्ण फैसला वापस लीजिए

**आपके पास कदाचारमुक्त परीक्षा कराये जाने की क्षमता नहीं है**

जनता समझ चुकी है कि आपके पास कदाचारमुक्त परीक्षा कराये जाने की क्षमता ही नहीं है। याद रखिए, जिन सलाहकारों की वजह से आप पांच माह के होटवार प्रवास से वापस आये हैं, वही सलाहकार आपको जगहंसाई का पात्र बनाने और आपसे एक के बाद तुगलकी फैसले करवा कर आपको रसातल में पंहुचाने पर तुले हुए हैं। बाबूलाल ने हेमंत सोरेन से अनुरोध करते कहा है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक रोकने के नाम पर इंटरनेट बंदी के बेतुके और असंवैधानिक तुगलकी फरमान को अविलंब वापस लें।

## हेमंत सरकार ने की असम की नकल, इंटरनेट सेवा बंद करने पर बोले हिमंता बिस्वा सरमा



**रांची (आजाद सिपाही)। सरकार ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में संभावित गड़बड़ियों और प्रश्नपत्र लीक होने की आशंकाओं के बीच शनिवार और रविवार को सुबह 8.30 से दोपहर 1.30 बजे तक इंटरनेट सेवा को बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस पर असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि परीक्षा के समय इंटरनेट सेवा को बंद करना हेमंत सरकार ने असम सरकार से सीखा है। सरमा ने आगे कहा, इसका दूसरा मतलब ये हुआ कि असम आज की तिथि में अन्य राज्यों को रास्ता दिखा रहा है।**

**मुझसे तकलीफ, पर जिन्ना की सोच वाले सदस्यों का स्वागत : हिमंता ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, जब मैं झारखंड आता हूं जेएमएम-कांग्रेस को बड़ी तकलीफ होती है। लेकिन उनके मुख्यमंत्री केरल से आये मुस्लिम लीग के सदस्यों का स्वागत करते हैं। आज जिन्ना की सोच की पार्टी राज्य में क्यों आयी? क्योंकि सरकार के हलफनामे के अनुसार आदिवासी जिलों में एक विशेष समुदाय ने कब्जा कर रखा है। गौरतलब है कि असम सरकार ने तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती की परीक्षा के दौरान 15 सितंबर को 3 घंटे के लिए असम में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया था। इसी तरह अगस्त 2022 में भी दो दिनों के लिए असम के लगभग सभी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं चार घंटे के लिए निलंबित कर दी गयी थीं, जब पहली बार तृतीय और चतुर्थ श्रेणियों के पदों के लिए लिखित परीक्षाओं का आयोजन असम में किया गया था।**

सीएम ने दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश को दी श्रद्धांजलि

# आखिरी जोहार जिंदगी और कलम के योद्धा : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश को रांची के प्रेस क्लब में शनिवार को श्रद्धांजलि दी। कहा आखिरी जोहार- जिंदगी और कलम के योद्धा। बता दें कि रविप्रकाश के पार्थिव शरीर को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए प्रेस क्लब में लाया गया था। सीएम हेमंत यहीं दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। उनके साथ सांसद महुआ माझी और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह आदि भी मौजूद थीं। सीएम ने कहा कि रवि प्रकाश जी का जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए जो मिसाल कायम की है, उसे याद रखा जायेगा। कहा, एक नौजवान पत्रकार का दुनिया और हम लोगों के बीच से जाना बेहद दुखद है। गौरतलब है कि वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार को निधन हो गया था। बता दें कि रवि प्रकाश लंबे समय से लंग कैंसर से पीड़ित थे। उनकी डेढ़ महीने से मुंबई में कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी। रवि पिछले चार साल से इस बीमारी से जूझ रहे थे। साल 2023 में उनकी बीमारी बढ़ कर दिमाग में फैल गयी थी।

# रिसालदार बाबा की मजार पर सुप्रियो ने चादरपोशी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की। दोपहर बाद सुप्रीयो भट्टाचार्य हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पहुंचे। दरगाह कमेटी ने सुप्रियो भट्टाचार्य का स्वागत पगड़ी और फूल माला पहनाकर किया। इस मौके पर रांची जिला अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष फरीद खान, दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, मो रिजवान, बेलाल अहमद, जुल्फिकार अली, बबलू पंडित सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कर्मक्षेत्र में कठिनाईयों का सामना होगा,इस समय शत्रु हावी हो सकता है,उदर पीड़ा।

**वृष** भौतिक सुख-सम्पन्नता में वृद्धि होगी,कारोबार की स्थिति में सुधार,आर्थिक लाभ।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**कर्क** शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**सिंह** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा,आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ।

**कन्या** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी। अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने में बिलम्ब होगा।

**वृश्चिक** नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

**मकर** नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।

**मीन** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नए मेहमान का आगमन होगा।

## 23 को रांची आयेगी चुनाव आयोग की टीम

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में जल्द ही विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होनेवाली है। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को रांची आयेगी। भारत निर्वाचन आयोग का दौरा दो दिनों तक चलेगा। दौरे में मुख्य आयुक्त राजीव कुमार समेत तोनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आइजी अभियान ने जिलों के एसपी और डीएसपी के साथ संबंधित तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने एवं मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी।**

## आठ अधिकारियों की सेवा भू-राजस्व विभाग को दी गयी

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रशासनिक सेवा के आठ पदाधिकारियों की सेवा पदस्थापन के लिए राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को दी गयी है। इनके नाम हैं मनोज कुमार गोप, मनोज कुमार, मनोज कुमार चौरसिया, मोहम्मद हुसैन, खोप लाल राम, संजय कुमार शुक्ला, मुरारी नायक, दीपक कुमार मिश्रा।**

राज्य में इंटरनेट बंद पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ बोले

# अघोषित आपातकाल थोप रही राज्य सरकार

**इंटरनेट बंद करने से परेशान हो रहे हैं लाखों युवा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में जेएसएससी की परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद करने को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-झामुमो की गठबंधन वाली सरकार भ्रष्टाचार और अपराध रोकने में विफल साबित हुई है। यह सरकार जनता पर अघोषित आपातकाल थोप रही है।

संजय सेठ ने कहा कि अगर अपराध बढ़ रहा है तो जनता को घरों में कैद करने की बजाय समस्या का समाधान करना चाहिए। सड़क पर दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं तो क्या लोगों को सड़क पर चलने से रोका जायेगा? इंटरनेट बंद करना उसी का उदाहरण है।

## युवा हुए सबसे ज्यादा प्रभावित

**उन्होंने बताया कि लाखों युवा परीक्षा के सिलसिले में एक शहर से दूसरे शहर की यात्रा कर रहे हैं और उन्हें इंटरनेट की आवश्यकता है। ट्रेन और बस का स्टेटस चेक करने, यूपीआइ से भुगतान करने और दस्तावेजों के प्रिंट लेने के लिए इंटरनेट की जरूरत होती है। इस संदर्भ में उन्होंने सरकार की अव्यावहारिकता पर सवाल उठाये। कहा कि जब सरकार खुद भ्रष्टाचार में डूबी हो, तो वह इंटरनेट बंद करके क्या समाधान कर सकती है? उन्होंने चेतावनी दी कि इससे युवा परीक्षा देने से वंचित हो सकते हैं और इसके पीछे एक गहरी साजिश हो सकती है।**

विधायक सुदिव्य सोनू ने चेतावनी देते हुए कहा

# बिहारियों को बोरा में पैक कर भेज देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने झारखंड युवा मोर्चा के सम्मेलन में बीजेपी पर निशाना साधते-साधते बिहार के लोगों पर ही हमलावर हो गये। उन्होंने कहा कि बिहारियों और बाहरियों को झारखंड से खदेड़ देंगे, झारखंड को झारखंड के लोग ही चलायेंगे। झारखंड को बिहारियों का चारागाह नहीं बनने देंगे, बिहारियों और बाहरियों को बोरा में पैक करके वही पार्सल कर देंगे जहां से वो आये थे।

जेएमएम विधायक ने अपने युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव इस दिशा को तय करेगा कि 5 वर्षों तक जिस हेमंत सोरेन को आपने बागडोर दी, 5 वर्ष तक जिस झारखंड को हेमंत सोरेन ने झारखंडियों के लिए चलाया, आने वाले 2024 से 2029 में ये झारखंड, झारखंडियों के लिए रहेगा या बिहारियों का चारागाह बनेगा, इन बात को देखना आपका सबसे बड़ा कर्तव्य होगा। मुझको पूरी उम्मीद और पूरा भरोसा है कि हमारे जो युवा साथी हैं जो उत्साह के साथ बैठे हैं 24 से 29 भी झारखंड झारखंडियों के द्वारा चलेगा, बिहारियों-बाहरियों के हाथ से नहीं चलेगा। बाहरियों को बोरा में पैक करके पार्सल करेंगे, जहां से ये लोग आये हैं। झारखंड यहीं के मूल वासी तय करके चलायेंगे। सुदिव्य सोनू ने आगे कहा कि हमको आपको तोड़ने और भटकाने के लिए बहुत से हथकंडे चलाये जायेंगे। इस देश का दुर्भाग्य है कि इस देश का गृह मंत्री संथाल परगना में आकर बांग्लादेशी घुसपैठियां की बात करता है। जब वो बांग्लादेशी घुसपैठिये की बात करते हैं तो उन्हें जवाब देना चाहिए कि इस देश के गृहमंत्री के तौर पर कौन हैं, क्या झारखंड की सीमाएं झारखंड से लगती हैं, अगर बांग्लादेश की सीमा लगती है बंगाल से और वहां पर घुसपैठ हो रही है तो उसका जवाब देने का हक बनता है। भारत के गृह मंत्री का और अगर गृह मंत्री अपने काम में विफल है तो झारखंड सरकार पर उसका ठिकरा फोड़ने की उनकी राजनीतिक साजिश और मंशा को समझने की जरूरत है। आपको समझने की जरूरत है कि हिंदू मुसलमान के नाम पर जाति के नाम पर धर्म के नाम पर हमको आपको बांटने की कोशिश होगी। हम जानते हैं कि हमारा धर्म झारखंडियत है, हमारी जाति झारखंडी है और हम सब आपस में भाई हैं। झारखंड बनाम बाहरी की लड़ाई में बाहरियों को हमलोग खदेड़ भगायेंगे।

# राज्य और राज्यवासियों की आवश्यकता अनुरूप कार्य करना हमारा दायित्वः सुदेश

**अपनी नाकामी छिपाने के लिए सरकार ने इंटरनेट बंद करने का तुगलकी फरमान जारी किया है**

**आजसू पार्टी का तमाड़ विधानसभा स्तरीय पंचायत एवं ग्राम प्रभारी सम्मेलन संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** सरकार का कर्तव्य अपनी नीतियों और फैसलों से जनता के जीवन को सहज बनाना होता है लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने फैसलों से जनता के जीवन में परेशानियों को बढ़ाने का काम किया है। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल सरकार ने बिना सोचे समझे सिर्फ अपनी नाकामी छिपाने के लिए इंटरनेट बंद करने का तुगलकी फरमान सुनाया है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय पंचायत एवं ग्राम प्रभारी सम्मेलन के दौरान कहीं।

सरकार के इस फैसले ने आम जनता के जीवन पर प्रतिकूल असर डाला है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर डिजिटल लेनदेन, टिकट बुकिंग समेत हर कदम पर आज इंटरनेट की आवश्यकता होती है पर आम जनता के दर्द से दूर इस सरकार को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

मौके पर उपस्थित सभी ग्राम व पंचायत प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ इस सरकार को अपना बहुमूल्य मत दिया था लेकिन इस सरकार ने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया। हमारा राज्य विकास से दूर हो गया है। झारखंड को पुनः विकास की पटरी पर लाने के लिए आप सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। राज्य और राज्यवासियों की आवश्यकता अनुरूप कार्य करना हमारा दायित्व। विकास की शुरूआत गांवों से होनी चाहिए।

इस अवसर पर जिप सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, सुधा मुंडू, जिप सदस्य विजय सिंह मानकी, वरीय नेता सिंह राय टुटी, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, केशव चंद्र महतो, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, हरिहर महतो, हिरादास, राजकिशोर कुशवाहा, उमेश नायक, राधिका देवी, सुनिता देवी, सुमित्रा देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बड़कागांव विस स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह आज

**आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 22 सितंबर दिन रविवार को बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन +2 हाइस्कूल, फुटबॉल मैदान, बड़कागांव में किया जायेगा। मौके पर सभी चूल्हा प्रमुख पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है।**

आज रांची में मंईयां सम्मेलन में जुटेंगी महिलाएं

# मंईयां सम्मेलन से सरकार के संकल्प को और भी मजबूती मिलेगी : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

- मंईयां सम्मेलन में मुख्यमंत्री हेमंत का सम्मान किया जायेगा
- 15 विधानसभा क्षेत्रों से इस कार्यक्रम में हजारों महिलाएं भाग लेंगी



**रांची।** बंधु तिर्की ने कहा है कि 22 सितंबर को राजधानी रांची में आयोजित होनेवाले मंईयां सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के आयोजन से ना केवल झारखंड की इंडिया गठबंधन सरकार द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, बल्कि झारखंड में जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा रही अन्य लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं को भी मजबूती मिलेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि विशेष रूप से आधी आबादी के विकास और उसके उन्नयन के लिए झारखंड सरकार पूरी तरीके से समर्पित है।

**बजरा खक्सी टोला के जतरा मैदान में आयोजित है कार्यक्रम**

श्री तिर्की ने कहा कि राजधानी के बजरा खक्सी टोला के जतरा मैदान में रविवार 22 सितंबर को 11 बजे से आयोजित मंईयां सम्मेलन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सम्मान किया जायेगा और इसमें विशेष रूप से राज्य की 15 विधानसभा क्षेत्रों की महिलाओं-युवतियों सहित आम लोगों को सरकार की उस भावना से परिचित कराने का प्रयास है, जिसके प्रति समर्पित होकर सरकार जन कल्याण की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में राजधानी रांची के साथ ही मांडर, हटिया, कांके, रांची, खिजरी, कोडरमा, सिमडेगा, कोलेबिरा, मनिका, लातेहार, बिशुनपुर, सिसई, गुमला, तोरपा एवं खूंटी विधानसभा क्षेत्र की 15 हजार से अधिक महिलाओं एवं युवतियों की सहभागिता होगी। इनमें से अनेक महिलाएं एवं युवतियां वैसी हैं, जो इस योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित हुई हैं। श्री तिर्की ने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के राजू, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष नेटा डिसूजा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और बन्ना गुप्ता मुख्य रूप से भाग लेंगे।

## मुखिया ने निजी खर्चे से सड़क बनाने के लिए दिया सीमेंट और बालू



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुत क्षेत्र सिजुआ में पिछले दिनों बारिश के कारण सड़क टूट गया था जो सड़क अभी भी नहीं बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इसके आगे एक और सड़क में आवागमन का रास्ता पूरी तरह से बंद हो चुका था जिसे ग्रामीणों ने चेचकपी मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को अपनी समस्याओं को बताया। मुखिया ने सडक की समस्या को पदाधिकारी से अवगत कराया लेकिन समस्या का निदान नहीं होने पर मुखिया में ग्रामीणों के साथ बैठक कर अपने निजी खर्चे से सीमेंट व बालू देकर ग्रामीणों के सहयोग से सड़क बनवाया। मौके पर वार्ड सदस्य रिंकी देवी, कामेश्वर, अरुण, नारायण सिंह, विशनुधारी सिंह, विद्या देवी, कौशल्या देवी तथा अन्य लोग श्रमदान करके सड़क बनायें।

## जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# सुगम एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा के संपादन के लिए प्रशासन रख रही है कड़ी निगरानी: उपायुक्त

- लॉज, हॉस्टल, होटल आदि की हो रही गहनता से जांच पड़ताल
- संपूर्ण परीक्षा की गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से रखी जा रही नजर



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित हो रही जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा के सफल व पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने जिला +2 विधालय, संत जेवियर स्कूल एवं हॉली क्रॉस स्कूल का भ्रमण कर बारीकी से हर बिंदुओं एवं तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होने उक्त परीक्षा केंद्रों के कंट्रोल रूम पहुंच कर जरूरी सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निर्देशित किया है। सीजीएल की परीक्षा के लिए हजारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं तथा हर केन्द्रों की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मेजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पु.अ.नि., स.अ.नि. के स्तर के कुल 70 पुलिस पदाधिकारी एवं तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा कुल 140 लाठी बल, गृहरक्षक की तैनाती की गईं है। वही गश्ती-सह-उड़न दस्ता दल में पु.अ.नि., स.अ.नि.स्तर के कुल 29 पुलिस पदाधिकारी एवं 87 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जिला प्रशासन के द्वारा हजारीबाग जिला में परीक्षा के मद्देनजर शहर के अलावे बरही, पदमा और अन्य सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल की गहनता से जांच कर रही है, जिला प्रशासन के द्वारा हर एक परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिसे कंट्रोल रूम के द्वारा मॉनिटरिंग किया जा रहा है। हजारीबाग जिला में सभी 70 परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी के द्वारा परीक्षार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराई जा रही है। जेएसएससी परीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम (06546264159/8002529349) बनाया गया है,जिसपर किसी भी प्रकार संदिग्ध कार्यों तथा विधि व्यवस्था से संबंधित सूचना दी जा सकती है। उपायुक्त नैंसी सहाय जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम के माध्यम से हर परीक्षा केंद्रो के गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए हुए है।

## कैंप में दाखिल खारिज के 26 मामलों की सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखंड कार्यालय में म्यूटेशन और जमीन विवादों के निबटारे के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसमें एसडीओ सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता रिया सिंह मुख्य रूप से मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि जो लोग अनुमंडल कार्यालय या एलआरडीसी कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते, उनके लिए इस प्रकार के कैंप प्रखंड स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान वहीं पर किया जा सके.। कैंप में म्यूटेशन से जुड़ी सामान्य त्रुटियों वाली आपत्तियों का निबटारा ऑन द स्पॉट किया गया.। एसडीओ रिया सिंह ने कहा कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गयी और बड़ी आपत्तियों को सुन कर उन्हें जिला स्तर पर निबटारे के लिए भेजा जायेगा.। उन्होंने बताया कि इस प्रकार का कैंप लगाना प्रशासन की ओर से जनता को तेजी से न्याय दिलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है.। कैंप में दाखिल खारिज से संबंधित 87 मामलों में से 26 मामलों की सुनवाई की गयी। एसडीओ ने कहा कि प्रशासन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैंप में एलआरडीसी कार्यालय के प्रभारी प्रधान सहायक लालधारी राम, दीपक कुमार, महेश राम, सत्यदेव उरांव, अंचल कार्यालय हरे कृष्ण प्रसाद, अनमोल दीपक कुजूर सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## खेल के साथ साथ शिक्षा भी जरूरी है: गौरव पटेल



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** खेल के साथ साथ शिक्षा भी जरूरी है आप शिक्षा पर भी विशेष ध्यान रखें उपरोक्त बाते प्रखण्ड के उच्चाघाना में स्व० टेकलाल महतो फुटबॉल टूनामेंट के अवसर पर पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि झामुमो नेता गौरव पटेल ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल का खेल मशहूर है फुटबॉल मैच खेलने से आप स्वस्थ रहेंगे वही आपस मे रिस्ते मजबूत होते हैं।मैच में खेल की भावना से खेले आप सबो का प्रदर्शन बेहतर है। विशिष्ट अतिथि बगोदर विधानसभा के युवा नेता नीतीश पटेल ,विष्णुगढ़ प्रखंड झामुमो अध्यक्ष कपिल देव चौधरी , मुखिया चेतलाल महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी संजय पटेल ,सोनू सोहेल ,शेख वसीम , संजय महतो ,टूनार्मेंट के अध्यक्ष कपिल कुमार, राज कुमार ,पंचायत अध्यक्ष टेकामन महतो, भास्कर महतो, फलजीत ठाकुर , सदीक अंसारी , डॉ नंदकिशोर महतो ,रोहित राम , अशोक महतो समेत भारी संख्या दर्शक व ग्रामीण मौजूद थे।

## पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का कटहाडीह पंचायत सचिवालय में हुआ स्वागत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित कटहाडीह पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव उपस्थित हुए जहां पंचायतवासियों के द्वारा पारम्परिक झारखंडी तरीके से भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक श्री यादव ने हेमंत सरकार की कई योजनाओं के बारे में बताया ताकि गरीब असहाय लोगो को इसका लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया शगुफ्ता सोनम, कौशर खान, पंसस बाबू खान, वशी अहमद, अकरम खान, उप मुखिया मुखतार खान, मासूम खान, ज्ञानचंद मोदी, हाफिज मुकतार खान, अनवर अली, जुबेदा खातून, इकराम खान, अनिता देवी, जिन्नत परवीन, निर्मला देवी, रेहाना खातून, रामा राम सहित भारी संख्या में पंचायतवासी महिला-पुरुष मौजूद थे।

# स्थानीय विधायक और सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्यकर्ता लेंगे शपथ: रोशन लाल चौधरी

आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन शपथ ग्रहण समारोह आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होना है। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी सहित कई केंद्रीय नेता सम्मेलन में शामिल होंगे। जिसको लेकर बड़कागांव प्रखंड आजसू कमेटी पिछले एक सप्ताह से लगातार तैयारी में जुटी हुई है पूरा बड़कागांव प्रखंड आजसू पार्टी के झंडा बैनरों से पाट दिया गया है। इस संबंध में बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इस सम्मेलन में 20000 से भी अधिक कार्यकर्ता पहुंचकर वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए शपथ लेंगे। स्थानीय विधायक और झारखंड सरकार के दमनकारी नीतियों के खिलाफ पूरा जनता एकत्रित हो रहा है और 2024 विधानसभा चुनाव में इसे उखाड़ फेंकने के लिए जनता मन बना चुकी है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक हरिशंकर सिंह के निधन पर जताया शोक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मोदी मुहल्ला निवासी सेवानिवृत शिक्षक हरिशंकर सिंह (उम्र 75 वर्ष) का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमारी से ग्रस्त थे। सेनि शिक्षक हरिशंकर सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इनके निधन की सूचना मिलने पर विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप प्रमुख राजनारायण सिंह, मुखिया कौशर, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, इसहाक अंसारी, पूर्व मुखिया बैजनाथ रजक, जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, अरमान, सुभाष चन्द्र यादव, रहमत खान, अनिल यादव, अब्दुल हाफिज, सुरेंद्र भाई मोदी, शशिकांत प्रसाद, उमेश मोदी, बिनोद सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, मोहन यादव, संतोष साव, डॉ मुकेश पाडेय, गौतम सिंह, सुनील सिंह, बिरु सिंह, बिपीन सिंह, यशवंत कुमार, मुन्ना लाल यादव, रामप्रसाद राम, सिराज खान, तसवर खान, बाबु ठाकुर, कुंदन गुप्ता, राजु साव, हीरामन रजक सहित कई लोगों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता: दुष्यंत पटेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** यहा के झारखण्ड मैरेज हाल में जदयू प्रखण्ड कमिटी की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने पार्टी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मांडू विधानसभा की जनता बदलाव के लिए तैयार है। हम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारो को लाकर विकसित झारखण्ड बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।उन्होंने विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी जदयू कार्यकताओं को आगामी 24 सितंबर को कुजू में आयोजित विधानसभा सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। बैठक में विभिन्न पंचायतों से आए महिला मोर्चा के सदस्यों ने भी कदम से कदम मिलाकर चलने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जोर शोर से जुटने की बात कही। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना बक्शी, देवनाथ महतो, सचिव बैजनाथ महतो,रवि कुमार छत्रधारी महतो, रवि साव, जितेंद्र सिंह राजपूत, नीरज पासवान , सुजीत सिंह, सन्नी राणा, पिंटू यादव, राखी देवी, तरन्नुम खातून, भुनेश्वर महतो, महेंद्र सिंह, विनोद यादव, रीतलाल राम, संजय साव, छत्रधारी ठाकुर, पुष्पलता सिन्हा, बिहारी यादव, मेहीलाल महतो, इंद्रदेव, दीपाली देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चलकुशा में मुखिया ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत चलकुशा के बुचीढाडी बीच टोला में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने मुखिया आलोक सिंह को भी दी। मुखिया ने संबंधित विभाग को ग्रामीणों कि समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद इसके बाद ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई गई। वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने ग्रामीणों के बीच ट्रांसफार्मर का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर पंसस प्रतिनिधि उमेश साव सहायक शिक्षक प्रमोद पांडेय,जानकी अंसारी, सूरज पांडेय, शिवचरण पंडित, दिलीप रजक, रोहित मोदी, मुंशी पासवान, शकील अंसारी राजू ठाकुर महेश रजक, लक्ष्मण सिंह, ईश्वर दास, द्वारिका ठाकुर, नईम अंसारी, सचिन कुमार, मुन्ना पांडेय एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रगतिशील मगही समाज जिला कमिटी की हुई बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झील परिसर में प्रगतिशील मगही समाज के ज़िला कमिटी सदस्यों की बैठक हुई। नया जिला समाहरणालय के समक्ष आर्थिक लोक तंत्र के मांग के लिए धरना देने का पूर्व के निर्णय को सफल बनाने के लिए कमिटी के सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को सूचनार्थ पत्र सौंपा गया। धरना के सफलता के लिए अपने अपने जिम्मेवारी को लिया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय पांच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने किया। मौके पर जिला सचिव धनंजय कुमार, वित सचिव डॉक्टर सुरेश, संगठन सचिव बजरंगी शर्मा, संयुक्त सचिव बालेश्वर प्रसाद, पंचशाखा सचिव कोलेश्वर यादव, मीडिया प्रभारी महेंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।

# कल भाजपा के परिवर्तन यात्रा रैली को लेकर बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा के विभिन्न गांवों का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** कल भाजपा के परिवर्तन यात्रा रैली की सफलता को लेकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क चलाया। उन्होंने लोंगो से कपका में आहूत सभास्थल पहुंचने की अपील किया। उन्होंने सभास्थल का भी निरीक्षण किया। बटेश्वर मेहता ने कहा कि ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल सूर्यकुंड के पावन धरती बरकट्ठा के कपका में परिवर्तन यात्रा रैली को एमपी के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन सभी मोर्चे पर विफल है। परिवर्तन यात्रा के तहत हेमंत सरकार को बदलने के लिए परिवर्तन यात्रा शुरू किया गया है। कहा कि परिवर्तन यात्रा सभा में बरकट्ठा विस क्षेत्र के करीब 50 हजार लोग आएंगे। सभास्थल का जायजा लेने वालों में विधायक अमित कुमार यादव, बरकट्ठा विस प्रभारी सरोज सिंह, सुनील मेहता, जिप सदस्य कुमकुम देवी, जयनगर के पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, जिप सदस्य केदार यादव, कोडरमा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, चलकुशा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, सुरेंद्र मोदी, किशोर प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

## हजारीबाग में विशेष गंगा आरती कार्यक्रम के लिए डॉ. अमित सिन्हा ने प्रशासन से अनुमति मांगा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में आगामी 2 अक्टूबर को एक विशेष गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देना है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए डॉ. अमित सिन्हा ने हजारीबाग के उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को प्रशासनिक अनुमति एवं सहयोग के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डॉ. सिन्हा ने इस बात पर जोर दिया कि गंगा आरती हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। जिसमें सैकड़ों स्थानीय निवासियों के साथ-साथ कई प्रतिष्ठित अतिथियों के शामिल होने हैं। जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ जाएगी। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिकता का अनुभव कराएगा, बल्कि समाज में पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छता को भी बढ़ावा देगा।

## कौशल किशोर का यूपीएससी में हुआ चयन, परिजनों में खुशी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के हजारीबाग जिला, सदर प्रखण्ड के अंतर्गत जगदीश कॉलोनी रामनगर व पैतृक आवास लावालोंग प्रखण्ड के बांदू गांव के मूल निवासी अर्जुन साहू (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक) के पुत्र कौशल किशोर का चयन यूपीएससी द्वारा आयोजित जे टी ओ ( राजभाषा अधिकारी) ईपीएफओ, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार परीक्षा में 32वें रैंक के साथ हुआ है। कौशल किशोर अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता- पिता, दीदी-जीजा, ईश्वर व गुरूजनों को देते हैं।कौशल किशोर पूर्व में भी सिविल सेवा के साक्षात्कार के स्तर तक जा चुके है एवं केंद्र व राज्य को भी विभिन्न परीक्षाओं में भी अंतिम स्तर तक जा कर कई बार निराशा हाथ लगी है। परन्तु निरंतर प्रयास से आखिर कर देश के प्रतिष्ठित संस्था यूपीएससी के माध्यम से चयन हो सका है। वैसे कौशल किशोर दो माह से प्रभारी प्राचार्य के रूप में एकलव्य आदर्श+2 विद्यालय, हटगम्हरिया पश्चिमी सिंहभूम में कार्यारत हैं।

# आज केशव प्रसाद मौर्य और हिमंता विस्वा सरमा कोडरमा में परिवर्तन यात्रा को करेंगे संबोधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा और यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 22 सितंबर को हेलिकॉप्टर से कोडरमा पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली सभा ब्लॉक मैदान, झुमरीतिलैया में पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित है, जहां यूपी के उप मुख्यमंत्री आमजनों को संबोधित करेंगे। जबकि दूसरी सभा इंदरवा फुटबॉल मैदान में अपराह्न दो बजे से होगी, जहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा लोगों को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक डॉ नीरा यादव ने उक्त जानकारी शनिवार को परिसदन कोडरमा में संयुक्त रूप से दी है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पहले ही दिन से भाजपा की आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में लोगों के बीच भारी उत्साह है। लोगों ने झारखंड में परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में लूट और झूठ की सरकार है। सीएम हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव में कई वायदे किए, लेकिन एक भी पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली दौड में 15 लोगों की जान चली गयी। मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, रमेश हर्षधर, गोपाल कुमार गुतुल, रामचंद्र सिंह, शिवेन्द्र नारायण, मनोज कुमार झुन्नू, राजकुमार यादव, अजय पांडेय आदि मौजूद थे। फोटो- पी7

## एनटीपीसी सीबी कोल परियोजना पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्पित

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। शनिवार को परियोजना के प्रमुख नवीन गुप्ता ने वन विभाग हजारीबाग पश्चिम डिवीजन के डिप्टी फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) मौन प्रकाश को 2.42 करोड़ का चेक सौंपा। इस मौके पर परियोजना के कोयला डिस्पैच एवं बिलिंग विभाग के अपर महाप्रबंधक पवन रावत भी मौजूद थे। यह राशि 64,000 वृक्षारोपण के लिए निर्धारित की गई है जो कोयला परिवहन मार्ग के आसपास किया जाएगा। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 तक, 33,000 पेड़ों के रोपण के लिए 6.74 करोड़ रुपये की राशि वन विभाग को जमा की जा चुकी है जिसके लिए वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारियों ने खनन और सीएसआर गतिविधियों पर भी चर्चा की। उन्होंने वन विभाग के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई ताकि परियोजना से प्रभावित स्थानीय समुदायों और क्षेत्र के पर्यावरण को लाभ पहुंचाया जा सकें।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ केंद्रीय बैठक आज

कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेसर पलानी परगना केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी आज सितंबर को पूर्वाहन 11 बजे से ग्राम बासाडीह में आयोजित की गई है।केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, आमंत्रित सदस्य, केंद्रीय उपसमिति के अध्यक्ष व संयोजक तथा ग्राम समिति के अध्यक्ष व सचिव से ससमय बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

कुजू (आजाद सिपाही)। आगामी 23 सितंबर से दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जुबली स्टेडियम, आरा कोलियरी में किया गया है। बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू क्षेत्र महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा और 24 सितंबर को समापन समारोह के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र मौजूद रहेंगे।

# रामगढ़ में 35 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई जेएसएससी की परीक्षा

**प्रश्न पत्र लीक का संदिग्ध युवक हिरासत में, पुलिस कर रही पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण और सदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। शनिवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीसी चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिले में 35 परीक्षा केंद्रों पर जेएसएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी। पहले दिन कुल 10452 परीक्षार्थी इसमें शामिल होने वाले थे। लेकिन परीक्षा के दौरान सिर्फ 5602 परीक्षार्थी उपस्थित हो सके। 4850 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजार किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के चारों तरफ पुलिस जवान भी मुस्तैद थे। इसके अलावा 10 फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी काम कर रही थी। सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 तक तीन पालियों में परीक्षा संपन्न हुई।

### प्रश्न पत्र लीक का संदिग्ध युवाक हिरासत में

रामगढ़ जिले में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कोई भी ऐसा संदिग्ध जो प्रश्न पत्र लिक करने के लिए इस जिले में आया हो, उसके लिए छापेमारी अभियान भी चल रही थी। रामगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि शहर के बस स्टैंड के पास एक होटल में एक संदिग्ध युवक मौजूद है, जो प्रश्न पत्र लिक कर सकता है। इस सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस सक्रिय हुई और उसने युवक चंचल सिंह को हिरासत में लिया। जांच के दौरान पता चला की चंचल सिंह भी एक परीक्षार्थी है और वह रामगढ़ जिले में परीक्षा देने के लिए बिहार राज्य के आरा जिले से आया हुआ है। उसके पास जेएसएससी परीक्षा का प्रवेश पत्र भी मिला और उसका सेंटर भुरकुंडा जुबली कॉलेज था। पुलिस हिरासत में ही शनिवार को चंचल को परीक्षा दिलाने ले जाया गया।

### परीक्षा केंद्र से चंचल ने की भागने की नाकाम कोशिश

चंचल सिंह ने परीक्षा केंद्र से भागने की नाकाम कोशिश की। जब पुलिस ने उसे सुबह 8:00 बजे परीक्षा केंद्र के अंदर भेजा तो वह बैठकर अपना एग्जाम दे रहा था। लेकिन जैसे ही 11:30 बजे परीक्षा खत्म हुई, भीड़ का लाभ उठाकर चंचल ने वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कुछ घंटे के बाद ही उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

## ना सहेंगे, ना कहेंगे, बदल कर रहेंगे की आवाज को बुलंद कीजिए: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार द्वारा 5 वर्षों में झारखंड को केवल लूटने का काम किया पत्थर कोयला बालू यहां तक की फौज की जमीन को भी लूटने से नहीं छोड़ा इन्होंने राज्य का विकास नहीं किया बल्कि पूरा समय परिवार और अपने विकास में ध्यान दिया है। यह सभी केवल झारखंड को लूटने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ना सहेंगे , ना कहेंगे, बदल कर रहेंगे की आवाज को बुलंद कीजिए और सत्ता परिवर्तन के संकल्प के साथ आगे बढ़िए तभी झारखंड का विकास हो सकेगा। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक किशन दास पूर्व विधायक जनरल पासवान जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता सुमित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## सीसीएल कुजू कोलियरी को पुन: चालू करने को लेकर प्रबंधन व ग्रामीण रैयतों संग की बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। आठ वर्षो से बंद पड़े सीसीएल कुजू कोलियरी अंतर्गत खुली खदान को पुनः सुचारू रूप से चालू करने और आरएंडआर संबंधी विषयों को लेकर रेस्ट हाउस में विस्थापित प्रभावित ग्रामीण रैयतो संग प्रबंधन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पीओ अभिमन्यु सिंह एवं संचालन सर्वेयर वकील साव ने की। बैठक के दौरान पीओ ने पोखरिया मौजा डूमरबेड़ा और मुरपा के ग्रामीणों से कोलियरी को सुचारू रूप से चालू करने को लेकर राय देने एवं सहयोग करने का आग्रह किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रबंधन को सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन देते हुए नियमानुसार रैयतो को जमीन के बदले नौकरी और मुआवजा देने की बात कही। वही, प्रबंधन ने भी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए नियमानुसार सहयोग करने की बात कही। मालूम हो कि गत 2016 में कुजू कोलियरी अंतर्गत खुली खदान में आगलगी घटना की वजह से पूर्ण रूप से खदान बंद हो चुका था। बैठक में मो अलाउद्दीन, शिव प्रसाद, मो इसराइल, मो ताहिर, बलदेव मुर्मू, जयनंदन पटेल, बादल महतो, रंजीत प्रसाद, अनिल केसरी, विजय केसरी, रघुवीर केसरी, शंकर महतो, मो जशिम समेत कई लोग शामिल रहे।

# उरीमारी में रैविमो का 14वां स्थापना दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** ऑफिसर क्लब बिरसा उरीमारी में रैयत विस्थापित मोर्चा का 14 वॉ स्थापना दिवस रैयत विस्थापित मोर्चा बरका सयाल क्षेत्र के द्वारा मनाया गया । रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय पदाधिकारी और क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा वीर शहीद भगवान बिरसा मुण्डा, बाबा तिलका मांझी,सिद्धू- कान्हू,फुलो -झानो,चांद भैरव एवं शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर को श्रद्धांजलि दी गई। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता रैविमो बरका सयाल क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा एंव संचालन क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन ने किया।इस समारोह में रैविमो के केन्द्रीय पदाधिकारी , क्षेत्रीय पदाधिकारी सी.सी.एल बरका सयाल क्षेत्र के सभी शाखा पदाधिकारी मुख्य रूप से समारोह में शामिल हुए।सी.सी.एल बरका सयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना, उरीमारी परियोजना, भुरकुण्डा परियोजना, हेन्देगीर परियोजना, जीवनधारा परियोजना, के.के परियोजना एंव सयाल डी परियोजना, शाखा के पदाधिकारी सदस्य, एवं विस्थापित शामिल हुए। समारोह में मुख्य रूप से रैविमो के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, केन्द्रीय उपाध्यक्ष विरेन्द्र मांझी, केन्द्रीय सचिव सन्नी बेसरा केन्द्रीय सचिव मुर्सिगलाल हांसदा, केन्द्रीय सदस्य रामकुमार सोरेन, क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा, क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन, संजय करमाली, जीतन मुंडा , बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन ठुरका मांझी,पंकज हेम्ब्रोम, पप्पू लाल मांझी,महाबीर मुर्मू,विजय सोरेन, अजय मरांडी, रमेश हांसदा, संजय सोरेन, दिनेश टुडू, आनंद बेसरा, प्रेम सोरेन, धनीराम मांझी, देवीलाल सोरेन, राजेश मुर्मू, उदन सोरेन, मनुलाल सोरेन, सूरज मुर्मू, सुनील मुर्मू, नारायण सोरेन, सुखदेव सोरेन, संजय हेम्ब्रोम, रामानंद करमाली, दुर्गा हांसदा, बबलु हांसदा, सुरेन्द्र टुडू,मनिष मुर्मू, लालू मुण्डा, बिनोद कुमार, नरेश बेसरा, रघु मांझी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## चितरपुर में रामगढ़ विधायक ने 6 लाख लागत राशि से नाली निर्माण का आधारशिला रखी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी पंचायत क्षेत्र में राजा बांध के किनारे लगभग 6 लाख की लागत से नाली का निर्माण के लिए आधारशिला रखी गई,मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा नारियल फोड़ कर आधारशिला रखी इस मौके पर उन्होंने कहा कि चितरपुर उत्तरी पंचायत के लोगों को नल अथवा कुआं का पानी निकासी में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था जिसे देखते हुए नाली का निर्माण कराया जा रहा है संवेदक से उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण नाली का निर्माण हो जिसे आम लोगों को सुविधा मिल सकेगा समय से नाली निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए इस मौके पर रवींद्र वर्मा, सुनील यादव राजेश गोल्डी संजय कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## पुंडी पंचायत सचिवालय में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड अंतर्गत पुंडी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामूमो केन्द्रीय महासचिव राजकुमार महतो मौजूद थे। मौके पर उन्होंने पंचायत के ग्रामीणों के बीच मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच प्रशस्ति पत्र, अबुवा आवास, पशुधन योजना का वितरण किया । वहीँ ग्रामीणों ने अबुवा आवास, पशु धन योजना,प्रधान मंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा, फसल बीमा, पेयजल,लगान, म्यूटेशन, केसीसी व समाज कल्याण के लिए आवेदन किया,जिसे उपस्थित पदाधिकारी ने ऑनलाइन आवेदन दर्ज किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि,सीडीपीओ शैलबाला, मुखिया रोपन देवी ,बिनीता सिंह, व सुरेश चंद्र पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया रोपन देवी व संचालन सुरेश चंद्र पटेल ने किया।

# विधायक सुनीता ने 2 करोड़ 69 लाख की लागत से सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता




**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बारलोंग पंचायत अंतर्गत एनएच 23 बुध बाजार बारलोंग से लेकर कुंदरु कला कुंदरु खुर्द,बरवाडीहै एवं कुंदरु खेल मैदान से हरगड़ाडीह तक लगभग 9 किलोमीटर तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो मुख्य रूप से शामिल हुए शिलान्यास समारोह स्थल पर पहुंचने पर अतिथियों को ग्रामीणों द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं बुके देकर जोरदार तरीके से बैंड बाजे के साथ स्वागत किया इस मौके पर विधायक ने धूप अगरबत्ती जलाकर व नारियल फोड़ आधारशिला रखी जिसकी प्राकलित राशि 2 करोड़ 69 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा, समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को वर्षों से मांग थी जो आज पूरा हुआ सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने पर बारलोंग व कुंदरुकला पंचायत के दो पंचायत के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सीधे दो पंचायत को जोड़ने वाली सड़क बनेगी उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए निर्माण कार्य में हो रहे गुणवत्ता ग्रामीण भी विशेष रूप से कार्यस्थलों पर संवेदक को अच्छा कार्य कराने के लिए ध्यान दें, इस मौके पर जिला परिषद सदस्य रामगढ़ के धनेश्वर महतो बारलोंग मुखिया रेखा देवी कुंदरू कला मुखिया किसुन राम मुंडा पूर्व मुखिया शीला देवी पूर्व मुखिया खिरोधर बेदिया पंचायत समिति सदस्य निशा देवी के अलावे समाजसेवी पूनम देवी इस शिलान्यास समारोह में सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने को लेकर कमेटी का हुआ गठन

पतरातू(आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसुद पारगढ़ा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने को लेकर दुर्गा मंडप परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए बितन महतो का चयन किया गया। उपाध्यक्ष अशोक नायक, सचिव सरयू महतो, सह सचिव देवानंद कुमार, कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा एवम शिव कुमार, सह कोषाध्यक्ष राजू महतो को बनाया गया। इसके साथ ही प्रेमनाथ महतो, सुरेश मांझी, प्रेम मुर्मू, गोपाल महतो, मुंशी महतो, आशेश्वर महतो, अमृत महतो, महेंद्र महतो, अनुराग कुमार, गोबिंद कुमार, गणेश महतो अनिल तिर्की, बालेश्वर महतो, विनोद मुर्मू को संरक्षक बनाया गया।

## महिला मोर्चा की रामगढ़ जिला और महामंत्री का भाजपा भुरकुंडा मंडल ने किया स्वागत



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक हुई। बैठक के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की रामगढ़ जिला अध्यक्ष शीतल सिंह और महामंत्री प्रो. पिंकी प्रिया का आगमन हुआ। यहां महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीतल सिंह और महामंत्री प्रो. पिंकी प्रिया का जिला मंत्री खुशबू देवी एवं मीना देवी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में संगठनात्मक चर्चा की गयी। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश द्वारा महिला मोर्चा के नेतृत्व तय कार्यक्रम बेटी माटी रोटी अभियान को ले करके घर-घर तक जाने का दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही परिवर्तन रैली को सफल बनाने का भी आह्वान किया गया। मौके पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, महेंद्र सिंह, जुगल नायक, अजय पासवान, ज्योति सिंह, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, राजन पांडेय, कन्हैया सिंह यादव आदि मौजूद थें।

## ब्रिटिश सरकार के शासनकाल जैसा शासन करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकें : शिवराज सिंह चौहान

**चतरा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड बीजेपी प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर में पूजा कर इस क्षेत्र एवं राज्य के खुशहाली की कामना किया हूं तथा झारखंड को समृद्ध राज्य बनाने के लिए इस पावन धरती से परिवर्तन का संकल्प लेकर राज्य के विकास किया जाएगा। उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नौकरी के नाम पर बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया । मुख्यमंत्री की देखरेख में बालू, कोयला , पत्थर का अवैध खनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार के शासनकाल जैसा शासन करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने तथा भाजपा को सत्ता में लाने का संकल्प लेकर घर जायें।

# एनीमिया शिविर के लिए ग्राम सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुंदा (चतरा)** । एनीमिया से संबंधित शिविर के संबंध में नवादा पंचायत के चिलोई में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पिरामल फाउंडेशन से आदित्य राज द्वारा एनीमिया के बारे में बताया गया तथा इस शिविर में सभी लोगो की भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण है। इसकी भी जानकारी दी गयी। अपने पंचायत को एनीमिया मुक्त पंचायत बनाने के लिए सभी लोगो की भागीदारी बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। नवादा पंचायत के मुखिया भरत यादव ने बताया कि यह शिविर को सफल करने के लिए हम सभी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग करें । सभा में पंचायत समिति प्रतिनिधि शंकर पासवान, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, शिक्षक गण, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया, जल सहिया, नवयुवक, और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मातृ वंदना के स्टॉल मे महिला की हुई गोद भराई

**मांडू (आजाद सिपाही)।** पुंडी पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मातृ वंदना स्टॉल पर महिलाओं की गोद भराई की गई। मौके पर छोटे-छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार महतो ने महिलाओं से कहा कि सरकार नारी उत्थान को लेकर कृत संकल्पित है। झारखंडी महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार कई योजना चल रही है। जिससे महिलायें आत्मनिर्भर हो सके। जिसका लाभ सभी लोग ले रहे हैं।

## प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने किया जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही) । प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ एक बैठक किया। बैठक में खाद्यान्न वितरण को लेकर के कई निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि माह के अंत तक खाद्यान्न का शत- प्रतिशत वितरण कर देना है। दूसरे माह में वितरण का ऑप्शन अब बंद हो गया है। वही खाद्यान्न में कटौती सहित मुद्दों पर चर्चा किया गया ।उन्होंने कहा कि किसी तरह गरीबों का हक छीनने वाला को बख्शा नहीं जाएगा । तथा नेटवर्क प्रॉब्लम को लेकर अवगत कराया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि जो डीलर बैठक में शामिल नही रहे हैं उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण निकला जाएगा तथा जवाब संतोष जनक नहीं मिला तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सीपीएम का दो दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित


# संगठित होने पर गांव का विकास होगा: वृंदा करात

आजाद सिपाही संवाददाता




**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के गोदोवार में शनिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय कमेटी के सदस्य रामदेव सिंह तथा संचालन जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा के पूर्व सांसद सह पोलित व्यूरों के सदस्य बृंदा करात तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव प्रकाश बिप्लव एवं सुरजीत सिंह शामिल हुए । उपस्थित अतिथियों को कार्यकर्ताओं द्वारा बुके देकर तथा माला पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित किया। पूर्व सांसद वृंदा करात ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय महामंत्री सीताराम येचूरी के निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है ।उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए हम सभी को लाल झंडा के नीचे संगठित होना होगा । पार्टी को मजबूत एवं संगठित होने पर गांव का विकास होगा। सभी कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का काम करें । वही वन विभाग पर गरीब दलित एवं अधिकार से वंचित लोगों के ऊपर अत्याचार करने का भी आरोप लगाया। केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार बड़े-बड़े उद्योगपतियों , अडानी , अंबानी जैसे लोगों को लाभ दे रही है। उनके करोड़ों रुपये का कर्ज माफ कर रही है। वृंदा करात ने कहा कि बिहार में जंगलराज है । बिहार में भुईयां जाति के 80 घरों को जलाकर राख कर दिया गया और नितिश सरकार चूप हैं।

## कृषि विज्ञान केंद्र मांडू,रामगढ़ ने रखा 50 अनुसूचित जाति के किसानों को लखपति बनाने का लक्ष्य




**मांडू (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र,मांडू रामगढ़ ने अनुसूचित जाति उप योजना के लिए उदलु गांव को चयनित किया है। जिसमें केंद्र के द्वारा किसानों को खेती, पशुपालन बागवानी एवं स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी लक्ष्य को पूरा करने को लेकर केंद्र में अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान के निदेशक डॉ अनूप दास, जिला कृषि पदाधिकारी, रामगढ़ उमेश तिर्की एवं जिला अभियंता पदाधिकारी विलसन कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत केंद्र के प्रधान डॉ सुधांशु शेखर ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर किया। इस कार्यक्रम में मांडू प्रखंड के उदलु, इंदिराबाद एवं गरगाली गांव के 70 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रमों को सफल बनाने में केंद्र के डॉ इंद्रजीत प्रजापति, डॉ धर्मजीत खेरवार, सन्नी कुमार, शशिकांत चौबे और रौशन कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# झारखंड-बंगाल के रिश्ते में तनाव

पश्चिम बंगाल सरकार ने अचानक जिस तरह से झारखंड के साथ लगती अंतरराज्यीय सीमा को बंद कर दिया और जवाब में झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम वहां से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी दे रही है, वह दो राज्यों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बहुत ही खराब प्रसंग माना जायेगा। इस टकराव से दोनों राज्यों के सामान्य लोगों की परेशानियों में इजाफा भले हो जाये, विवाद निपटाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली। दरअसल, दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) की ओर से पानी छोड़ा गया। वहीं, पश्चिम बंगाल के 11 जिले बाढ़ में डूब गये थे। मुख्यमंत्री और टीएमसी चीफ ममता बनर्जी इसे 'मानव निर्मित बाढ़' कह रही हैं। उनका आरोप है कि झारखंड स्थित डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण यह बाढ़ आयी, लेकिन तथ्य यह भी है कि पिछले दो-तीन दिनों से उन इलाकों में तेज बारिश हुई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण झारखंड के जलाशय खतरे के निशान के आसपास पहुंच गये थे। सबसे बड़ी बात यह है कि पानी छोड़ने का फैसला राज्य सरकार का नहीं होता, न ही इसके पीछे तात्कालिक राजनीतिक समीकरणों की कोई भूमिका होती है। इसका पूरा सिस्टम काफी पहले से बना हुआ है। कब कितना पानी छोड़ा जाना है, यह निर्णय एक रेग्युलेशन कमिटी करती है, जिसमें दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। सभी संबंधित पक्षों को सही समय पर फैसले की सूचना देने की भी प्रक्रिया पूरी तरह परिभाषित है। ममता बनर्जी का कहना है कि इस बार उनकी सरकार को समय पर सूचित नहीं किया गया, जबकि दामोदर वैली कॉरपोरेशन और केंद्र सरकार का कहना है कि इस बार भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। अगर अमल में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है, तो इस बात की जांच की जा सकती है कि सूचना देने या संबंधित व्यक्ति तक पहुंचने में किस स्तर पर और किस वजह से चूक हुई। आरोप-प्रत्यारोप को इस स्तर पर ले जाने से हालात को बेहतर बनाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली। वैसे, ममता बनर्जी ने तकनीकी तौर पर बॉर्डर सील करने की वजह यह बतायी है कि झारखंड से आने वाली गाड़ियां बाढ़ के पानी में बह न जायें, लेकिन अगर बात यही होती तो झारखंड की तरफ से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी नहीं आती। ध्यान रहे, झारखंड में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की सरकार है और तृणमूल कांग्रेस भी विपक्षी खेमे का ही हिस्सा मानी जाती है। ऐसे में इन दोनों सरकारों के बीच इस तरह का विवाद विपक्ष की राजनीति को लेकर भी कोई अच्छा संदेश नहीं दे रहा।

**झारखंड में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की सरकार है और तृणमूल कांग्रेस भी विपक्षी खेमे का ही हिस्सा मानी जाती है। ऐसे में इन दोनों सरकारों के बीच इस तरह का विवाद विपक्ष की राजनीति को लेकर भी कोई अच्छा संदेश नहीं दे रहा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सीबीजी में भारत सरकार की नेट जीरो महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। 15 एमएमटी सीबीजी, वर्ष 2030 तक सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (टी)/पीएनजी (डी) उपक्षेत्र में उपयोग की जाने वाली घरेलू प्राकृतिक गैस की सभी मांग को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है। सीबीजी संयंत्रों में उत्पादित एफओएम के उपयोग से मिट्टी के कम हुए कार्बन स्तर को बहाल किया जा सकता है। किण्वित जैविक खाद (एफओएम) मुख्य रूप से मिट्टी में रासायनिक उर्वरक के नाइट्रोजन और फास्फोरस को बढ़ाते हुए कार्बन स्तर में वृद्धि करके रासायनिक उर्वरक के एक हिस्से को भी प्रतिस्थापित कर सकता है।**

# गैस को हरित बनाने की प्रक्रिया के लाभ



**आनंद कुमार झा**



भारत सरकार संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) इकोसिस्टम के विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है। इस क्षेत्र के लिए घोषित लक्ष्य है- प्रति वर्ष 15 एमएमटी सीबीजी का उत्पादन। यह पहल, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन प्रणाली के एक स्थायी विकल्प स्थापित करने के लिए शुरू की गयी थी, लेकिन, संभावित लाभों की विस्तृत श्रृंखला अभी उभरनी शुरू हुई है। सीबीजी में भारत सरकार की नेट जीरो महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। 15 एमएमटी सीबीजी, वर्ष 2030 तक सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (टी)/पीएनजी (डी) उपक्षेत्र में उपयोग की जाने वाली घरेलू प्राकृतिक गैस की सभी मांग को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है। सीबीजी संयंत्रों में उत्पादित एफओएम के उपयोग से मिट्टी के कम हुए कार्बन स्तर को बहाल किया जा सकता है। किण्वित जैविक खाद (एफओएम) मुख्य रूप से मिट्टी में रासायनिक उर्वरक के नाइट्रोजन और फास्फोरस को बढ़ाते हुए कार्बन स्तर में वृद्धि करके रासायनिक उर्वरक के एक हिस्से को भी प्रतिस्थापित कर सकता है।

**सरकार ने उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा एफओएम की बिक्री पर एमडीए की घोषणा की है।**

सरकार की एक पहल के रूप में शुरू हुआ यह कार्य, कई योजनाओं और शासनादेशों के साथ एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, जो पूरे परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बायोमास की खरीद तथा बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोड़ने के लिए वित्तीय सहायता और सीजीडी संस्थाओं के लिए अनिवार्य सीबीजी मिश्रण दायित्व की योजना की शुरूआत की है। उर्वरक विभाग ने एफओएम के लिए बाजार विकास सहायता की पेशकश की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन करता है। इसी तरह राज्य सरकारें भी रियायती पट्टे दरों पर भूमि, कच्चे माल की खरीद पर सब्सिडी, एकल खिड़की मंजूरी, भूमि आवंटन में प्राथमिकता, जैसे विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन कर रही हैं।

हालांकि, इकोसिस्टम का राजस्व मॉडल अभी तक स्थिरता हासिल नहीं कर पाया है। सभी संभावित राजस्व स्रोत अभी तक अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाये हैं। एफओएम, जो एक प्रमुख सह-उत्पाद है, से अभी तक राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कार्बन क्रेडिट व्यवस्था पूरी तरह से स्थापित नहीं है। इससे कार्बन क्रेडिट के उत्पादन और मुद्रीकरण के बारे में कुछ अनिश्चितता मौजूद है। सभी राजस्व स्रोतों का गैर-मुद्रीकरण भी उधार देने वाली एजेंसियों के लिए कुछ जोखिम पैदा करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र के विकास को प्रभावित करता है। उत्पादित एफओएम के पूर्ण मुद्रीकरण की कमी के कारण संयंत्रों की व्यावहारिकता सुनिश्चित करने के लिए गैस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वर्तमान में, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित गैस को एकमात्र राजस्व अर्जित करने वाले स्रोत होने का बोझ उठाना पड़ता है। देश के कुछ क्षेत्रों में मांग से संबंधित कुछ मुद्दों के कारण, गैस का पूरा उठाव प्रभावित होता है। इससे सीबीजी संयंत्र का व्यावहारिक होना और पूरे क्षेत्र का विस्तार करना मुश्किल हो जाता है। गैस, एफओएम के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपलब्ध हरित विशेषताओं या कार्बन क्रेडिट से राजस्व उत्पन्न करना जरूरी है।

सीबीजी का उठाव सुनिश्चित करने पर सरकार के विशेष ध्यान के कारण कुल गैस की बिक्री, वित्त वर्ष 2022-23 के लगभग 12,000 टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 19,000 टन हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दो महीनों के उठाव के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि इस साल सीबीजी का उठाव दोगुने से अधिक हो जाएगा। हालांकि क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की असमान मांग के कारण गैस के उठाव में चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार ने सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोड़ने की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए एक योजना की शुरूआत की है, ताकि संयंत्र द्वारा उत्पादित गैस का पूर्ण उठाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। सीबीजी ग्रिड का विकास, क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की कम मांग की समस्या पर ध्यान देगा। सीजीडी नेटवर्क के माध्यम से सीबीजी तक खुली पहुंच की अनुमति देना भी आवश्यक होगा, ताकि देश भर में वास्तविक मांग केंद्रों तक सीबीजी की आपूर्ति की जा सके। इसके अलावा, जर्मनी जैसे कुछ यूरोपीय देशों की तरह, प्रमुख पाइपलाइनों में सीबीजी की आपूर्ति से राष्ट्रीय गैस खपत वृद्धि में भी मदद मिलेगी।

सरकार ने उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा एफओएम की बिक्री पर एमडीए की घोषणा की है। यह, बदले में, सीबीजी उत्पादकों को दिया जाता है। हालांकि, उत्पादित एफओएम की दो अनूठी विशेषताओं के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। सबसे पहले, हालांकि, एफओएम मिट्टी के लिए कार्बन का एक बड़ा स्रोत है, इसकी तुलनात्मक रूप से कम पोषक तत्व सामग्री, इसे किसानों को खरीद और बिक्री के सन्दर्भ में उर्वरक कंपनियों के लिए कम आकर्षक बनाती है। दूसरी विशेषता है, उत्पाद की नमी की मात्रा, जो भंडारण और परिवहन को थोड़ा मुश्किल बना देती है। इसके अलावा, किसानों के बीच अपने खेतों में कार्बन के इस समृद्ध स्रोत का उपयोग करने में उत्साह की भी कमी दिखाई पड़ती है।

भारत और हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान जैसे उत्तरी भारतीय राज्यों की मिट्टी में कार्बन की मात्रा बहुत कम है। यह मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी में डाले जा रहे रासायनिक उर्वरकों के नाइट्रोजन और फास्फोरस का पूरी तरह से उपयोग करने की मिट्टी की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मिट्टी को कृषि के लिए उपयुक्त बनाने तथा नाइट्रोजन और फास्फोरस के अवशोषण की शक्ति बढ़ाने के लिए मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाना आवश्यक है। किसानों को प्रोत्साहित कर-के उन्हें इस प्रयास में हितधारक बनाना भी महत्वपूर्ण है। एफओएम के प्रभावी उठाव और खपत के लिए, यह इस रूप में मददगार हो सकता है कि सरकार मिट्टी में जमा हर टन जैविक कार्बन के लिए किसानों को बढ़ावा दे। सीबीजी उत्पादक, किसानों तक एफओएम पहुंचाने के लॉजिस्टिक्स हिस्से का ध्यान रख सकते हैं। फिर सीबीजी उत्पादकों द्वारा लॉजिस्टिक्स की लागत और एफओएम की लागत का मुद्रीकरण, उर्वरक कंपनियों को जैविक कार्बन पृथक्करण (ओसीएस) प्रमाणपत्रों की बिक्री के जरिये किया जा सकता है, जिन्हें किसानों को उर्वरक की मिश्रित बिक्री के माध्यम से नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के लिए अनिवार्य किया गया हो। इससे न केवल मिट्टी में कार्बन की मात्रा कम होने से जुड़ी समस्या हल होगी तथा इस तरह उर्वरक सब्सिडी की आवश्यकता और बजट में कमी आएगी, बल्कि उत्पादित एफओएम का पूरी तरह से मुद्रीकरण करने में भी मदद मिलेगी और साथ ही उर्वरक क्षेत्र में उत्सर्जन में कमी का मुद्दा भी हल होगा।

गैस के मामले में, सरकार सीजीडी संस्थाओं के लिए मिश्रण दायित्व लेकर आई है, जिसमें नवीकरणीय गैस प्रमाणपत्र (आरजीसी) जारी करने का प्रावधान भी शामिल है। यह नियामक को इन आरजीसी के प्रभावी मुद्रीकरण के लिए एक व्यवस्था तैयार करने का भी प्रावधान करता है। इसके साथ ही, भारत विश्व जैव ईंधन गठबंधन को आगे बढ़ाने के लिए भागीदार देशों के साथ काम कर रहा है। भारत में उत्पादित आरजीसी के लिए एक पारस्परिक मान्यता व्यवस्था, इन प्रमाणपत्रों के निर्यात और इसके मुद्रीकरण को सक्षम करने में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हालांकि, भारत से जैव ईंधन के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हैं, लेकिन यही बात जैव ईंधन से जुड़ी हरित विशेषताओं पर लागू नहीं होती। हरित विशेषताओं के लिए उपयुक्त मूल्य, गैस के हिस्से को अन्य गैसों- घरेलू गैस/एलएनजी, आदि जो बाजार में उपलब्ध हैं, के मुकाबले उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी रूप से बेचने में मदद करेगा। सीबीजी उद्योग के आसपास उपलब्ध होने के कारण, एलएनजी/आरएलएनजी की तुलना में, जिसमें उनके परिवहन की लंबाई पर परिवहन और कराधान लागत शामिल होते हैं, लॉजिस्टिक्स लागत भी बहुत कम होगी। अनिवार्य की गयी संस्थाएं भी सीबीजी खरीदने में संकोच नहीं करेंगी, क्योंकि इससे उनकी लॉजिस्टिक्स लागत में भी कमी आयेगी।

सीबीजी को बायो-एलएनजी में द्रवित करने तथा लंबी दूरी के ट्रक परिवहन के लिए एलएनजी के विकल्प के रूप में इसका उपयोग करने से, परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। ऐसे क्षेत्रों में स्थित बड़े संयंत्रों के लिए, जहां उत्पादित सीबीजी की पूरी मात्रा का उपभोग करने की सीमा तक सीएनजी/पीएनजी इकोसिस्टम विकसित नहीं हो पाया है, सीबीजी को बायो-एलएनजी में परिवर्तित करने तथा एलएनजी ट्रक परिवहन के लिए मांग केंद्रों तक पहुंचाने से सीबीजी की प्रभावी खपत में तथा परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। सीबीजी को तरलीकृत करने की लागत को सीजीडी संस्थाओं को आपूर्ति की जाने वाली घरेलू गैस के पूल का हिस्सा बनाकर उपभोक्ताओं पर वितरित किया जा सकता है।

सरकार प्रणाली से जुड़ी अक्षमताओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। क्षेत्र के हरित वित्तपोषण में बहुपक्षीय विकास बैंकों का समर्थन, क्षेत्र के विकास में एक लंबा रास्ता तय करेगा। हरित ऋणों का निर्यात, न केवल क्षेत्र को स्थिरता प्रदान करेगा, बल्कि देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी मदद करेगा।

ऊर्जा स्रोतों में बदलाव को अपनाने का मार्ग, हरित गैस द्वारा रोशन होने का इंतजार कर रहा है।

**(लेखक : निदेशक, (गैस प्रोजेक्ट्स) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री बनीं आतिशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलायी। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा (43 साल) मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले केजरीवाल 45 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बने थे। आतिशी बतौर महिला सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं। शपथ ग्रहण समारोह में आतिशी के माता-पिता, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, विपक्ष के नेता विजेंदर गुप्ता, भाजपा सांसद मनोज तिवारी शामिल हुए।

### विभागों का बंटवारा

**मुख्यमंत्री आतिशी :** शिक्षा, वित्त, बिजली, पानी समेत 13 मौजूदा विभागों (जो पहले उनके पास थे) की जिम्मेदारी संभालेंगी। **सौरभ भारद्वाज :** स्वास्थ्य, शहरी विकास और समाज कल्याण समेत आठ विभागों का प्रभार संभालेंगे। **गोपाल राय** के पास पर्यावरण समेत तीन विभाग होंगे। **कैलाश गहलोत** परिवहन, महिला एवं बाल विकास समेत चार विभागों का प्रभार संभालेंगे। **इमरान हुसैन** खाद्य आपूर्ति और चुनाव विभाग का प्रभार संभालेंगे। **मुकेश अहलावत** दिल्ली के एससी/एसटी मंत्री बनेंगे, साथ ही श्रम समेत चार और विभाग भी संभालेंगे।

**आर्मी अफसर की मंगेतर का यौन उत्पीड़न का मामला**

# सात आरोपी गिरफ्तार

**विवाद की शुरुआत के 3 वीडियो भी वायरल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के भुवनेश्वर में आर्मी जवान और उसकी मंगेतर पर हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बादे पुलिस ने शनिवार को 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। भुवनेश्वर के एडिशनल डीसीपी कृष्ण प्रसाद दास कहा कि आरोपियों के पास से एक वाहन और 11 मोबाइल बरामद हुए हैं। घटना से जुड़े वीडियो-ऑडियो क्लिप भी मिली हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा है।

गिरफ्तार आरोपियों में राकेश नाइक, अभिलाष सावंत, अमन कुमार, आदित्य रंजन बेहरा, आकाश पढियारी, हरीश मंता और आशीष कुमार शामिल हैं। उनके खिलाफ बीएनएस की कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

घटना 15 सितंबर की रात करीब 1 बजे हुई थी। इसका खुलासा 19 सितंबर को हुआ था। पीड़ित के मुताबिक, भुवनेश्वर लौटते वक्त कुछ युवकों ने उसके और उसके मंगेतर आर्मी जवान के बदसलूकी की, मारपीट की।

पीड़ित के मुताबिक, घटना की शिकायत करने भरतपुर थाने गये, तो वहां पुलिसकर्मियों ने हमारे साथ बदसलूकी की। मेरे मंगेतर को लॉकअप में बंद कर दिया गया। पुलिसकर्मियों ने मेरे कपड़े उतारे और मेरा यौन उत्पीड़न किया। बीजू जनता दल (बीजेडी) ने भुवनेश्वर की घटना पर विरोध जताया है। रविवार सुबह 10 बजे भुवनेश्वर में राज्यपाल भवन के सामने बीजेडी विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी ने कहा कि हमारी सरकार में हमारी सरकार में एमओ सरकार की व्यवस्था थी। इसमें सीएम, मंत्री, सीनियर अफसर अस्पतालों, पुलिस थानों में जाते थे। आम जनता को सीधे फोन कर उनसे जानकारी लेते थे।

# एनडीएमए की आपदा जोखिम बीमा महत्वपूर्ण : डॉ पीके मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्रा ने बीमा उत्पादों/बॉन्डों तथा क्षति एवं नुकसान का आकलन करने की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के प्रयासों और प्रमुख घटनाक्रमों पर प्रकाश डाला। डॉ मिश्रा ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की आपदा जोखिम बीमा क्यों महत्वपूर्ण है - प्रमुख अवधारणाएं और लाभ विषय पर हुई कार्यशाला को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि उभरते रुझान आपदा जोखिम बीमा के अनुप्रयोग में नवाचार करने और अधिक लचीले, कुशल और समावेशी बीमा समाधानों की दिशा में वैश्विक रुझान में शामिल होने की भारत की क्षमता को उजागर करते हैं।

भारत सहित विश्व भर में बार-बार आपदाओं का आना और उनकी तीव्रता में वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्रों और संस्थाओं में बीमा कवरेज के विस्तार के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण की वकालत की। उन्होंने एक मजबूत बीमांकिक विशेषज्ञता और एक अच्छी तरह से परिभाषित कानूनी ढांचे की आवश्यकता को रेखांकित किया।

बीमा कवरेज के विस्तार में इन उभरते रुझानों के संदर्भ में, उन्होंने दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। सबसे पहले, हम आबादी के उन वर्गों तक कैसे प्रभावी ढंग से पहुंच सकते हैं जिन्हें बीमा खरीदना मुश्किल लगता है? इससे पहुंच से जुड़े सवाल उठते हैं - हम अधिक किफायती मूल्य निर्धारण, जागरूकता बढ़ाने और दावा निपटान प्रक्रिया को सरल बनाने के माध्यम से बीमा पहुंच को कैसे व्यापक बना सकते हैं? उन्होंने यह सुनिश्चित करने का सुझाव दिया कि बीमा न केवल उपलब्ध हो बल्कि सबसे कमजोर लोगों के लिए भी सुलभ हो, जो एक महत्वपूर्ण चुनौती है जिसका हमें पार पाना चाहिए।

दूसरा, बीमा के विस्तार में सरकार की क्या भूमिका होनी चाहिए? क्या सरकार को एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना चाहिए, बीमा बाजार के विकास को सुविधाजनक बनाना चाहिए, या उसे कुछ क्षेत्रों के लिए बीमा खरीदने जैसी अधिक प्रत्यक्ष भूमिका निभानी चाहिए? सरकार को सार्वजनिक-निजी भागीदारी कैसे कायम करनी चाहिए जो बीमा सेवाओं और उत्पादों की पहुंच में सुधार करे? उन्होंने कहा कि ये महत्वपूर्ण प्रश्न सीधे बीमा-संबंधी हस्तक्षेपों की राजकोषीय स्थिरता से संबंधित हैं।

इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और प्रतिबद्धता पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने 2016 में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) से जुड़े एक सर्व-समावेशी 10 सूत्री एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आपदा जोखिम कवरेज सभी के लिए जरूरी है, चाहे वह गरीब परिवार हों, छोटे और मध्यम उद्यम हों, बहुराष्ट्रीय निगम हों या कोई देश हो।

डॉ. मिश्रा ने दो अहम सरकार समर्थित बीमा कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया।

डॉ मिश्रा ने कहा कि असुरक्षित आबादी को सुरक्षा प्रदान करके भारत के सामाजिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ पीएमएफबीवाई कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करती है, किसानों को सस्ती फसल बीमा प्रदान करती है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल के नुकसान से उनकी आय की रक्षा होती है। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना किसानों की आजीविका का समर्थन करती है और ग्रामीण क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाती है।

आयुष्मान भारत योजना आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करती है और जेब से होने वाले खर्च को कम करती है। इस पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि ये दोनों पहल सामाजिक समानता, वित्तीय समावेशन और घरेलू स्तर पर जोखिम प्रबंधन को बढ़ावा देने के सरकार के व्यापक एजेंडे के केंद्र में हैं, जिससे विकास लक्ष्यों के साथ बीमा के महत्वपूर्ण अंतर्संबंध प्रदर्शित होता है।

# अमरप्रीत सिंह वायु सेना के नये चीफ, 30 सितंबर से संभालेंगे जिम्मेदारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह भारतीय वायु सेना के नए चीफ होंगे। वे 30 सितंबर को पदभार संभालेंगे। अमर प्रीत सिंह एयर मार्शल विवेक राम चौधरी की जगह लेंगे, जो 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं।

अमर प्रीत सिंह अभी तक वायुसेना के वाइस चीफ के पद पर थे। एयरफोर्स में यह दूसरी सबसे अहम पोजिशन है।

अमर प्रीत सिंह को रोटरी विंग विमानों पर 5 हजार घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। उन्होंने वाइस चीफ बनने से पहले ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और फ्रंटलाइन एयर बेस की भी कमान संभाली है। 9 सितंबर को अमर प्रीत सिंह ने 59 साल की उम्र में तेजस उड़ाया था।



### एयरफोर्स में 40 साल से तैनात हैं

एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह का जन्म 27 अक्टूबर को साल 1964 में हुआ था। अमर प्रीत सिंह 21 दिसंबर 1984 को वायुसेना एकेडमी डुंडीगल से इंडियन एयरफोर्स में तैनात हुए थे। वे 40 साल से वायुसेना की सेवा कर रहे हैं। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह नेशनल डिफेंस एकेडमी खडकवासला और एयरफोर्स एकेडमी डुंडीगल से ट्रेनिंग ले चुके हैं। अमर प्रीत सिंह डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन के भी छात्र रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से भी ट्रेनिंग ली है।

## हेमंत सरकार की उम्र चंद दिनों की: आजसू



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि हेमंत सरकार की उम्र अब कुछ ही दिन बचे हैं। यह सरकार झूठे सब्ज बाग दिखाकर आयी थी और आज भी लोक लुभावने वादे कर रही है। जनता इनको समझ चुकी है अब इनके झूठ जाल में फंसने वाली नहीं है। यह सरकार बड़े-बड़े वादे की थी जैसे 5 लाख सरकारी नौकरी, हर वर्ष दो जेपीएससी परीक्षाएं। परंतु इसमें वह पूरी तरह फैल रही। आज तक इन्होंने जो कार्य किया है, वह रघुवर सरकार के द्वारा किये गये कार्यों को ही आगे बढ़ाया है। मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश साहू, जनजातीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय उरांव, लोहरदगा प्रखंड की महिला अध्यक्ष मालती टोप्पो एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैरो नहरटोली निवासी अंधेरे में रहने को विवश

कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो मुख्यालय स्थित नहरटोली क्षेत्र में लगे 25 केवी ट्रांसफार्मर लगभग एक महीने से जला हुआ है, जिसके कारण क्षेत्र के जनता लगभग एक सौ परिवार अंधेरे में रहने पर मजबूर है। ग्रामवासियों ने बताया कि तीन महीने में ट्रांसफार्मर खराब होने की ये तीसरी घटना है। लोगों ने संबंधित विभाग के साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया है कि जितना जल्दी हो सके बिजली बहाल करने पर पहल करें, नही तो आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

# दो मोपेड और बैटरी के साथ कबाड़ी दुकान मालिक सहित पांच गिरफ्तार

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना पुलिस ने चोरी की गयी दो मोपेड व बैटरी के साथ कबाड़ी दुकान के मालिक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीसीएल की तेतरियाखाड़ कोलियरी परिसर में खड़ी ट्रक जेएच 19बी 8803 से बैटरी चोरी हो गयी थी। इस संबंध में ट्रक मालिक परदेसी राम द्वारा बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बालूमाथ थाना पुलिस ने इसकी जांच शुरू की। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के स्थित मेलाटाड़ के इस्माइल कॉलोनी स्थित एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी कर उक्त बैटरी बरामद की और कबाड़ी दुकान मालिक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें दो नाबालिग भी शामिल है। इस दौरान पुलिस ने कबाड़ी दुकान परिसर से ही चोरी की गयी टीवीएस कंपनी की दो लुना मोपेड भी बरामद की है। इस बात की जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार किये गये मोहम्मद इकराम अंसारी के पुत्र मोहम्मद इजहार अंसारी के साथ बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा गांव अंतर्गत हरैयाटाड़ टोला निवासी स्व. अरदली मियां के पुत्र मोहम्मद सुल्तान और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत होरियारपाड़ा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मोहम्मद इस्माइल शेख के पुत्र गुलाम किबिरिया शेख शामिल हैं। इस बैटरी चोरी की घटना में शामिल बालूमाथ थाना क्षेत्र के पिंडारकोम गांव के दो नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि तीन चोरों को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया। दोनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।



## राज्य में रोहिंग्या मुसलमान की बढ़ती संख्या चिंता का विषय: सचिन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 293 बूथ गढ़ा टोली में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक की गयी, जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। जिस तरह से हेमंत सरकार राज्य में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास का सोच लेकर पूरे राज्य में पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी। आज पूरे राज्य में आदिवासी बेटी मन कर लव जिहाद में साजिश की तरह धर्म परिवर्तन कराकर आदिवासियों के साथ दुर्व्यवहार कर आदिवासियों का दोहन शोषण हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की जिस तरह इंडी गठबंधन की सरकार टुकड़े-टुकड़े गैंग के द्वारा रोहिंग्या मुसलमान को राज्य में बसाने का कार्य कर रही है। इस नीति को जनता समझ चुकी है, इसलिए आगामी चुनाव में राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मौके पर जिला महामंत्री संजय अग्रवाल, संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार,बूथ अध्यक्ष अनिल भगत, पूर्व बुथ अध्यक्ष अशोक सोनी, नंदलाल उरांव, सूरज आदि लोग उपस्थित थे।

## कल श्रमिक संघ करेगा प्रोजेक्ट भवन का घेराव मांगे नहीं मानी गयी तो होगा ब्लैकआउट : अजय




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा पावर हाउस में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ लोहरदगा डिवीजन की बैठक मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में हुई। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया वादा याद करना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में आते ही वह आउटसोर्स व अनुबंध खत्म कर सभी को नियमित करेंगे, मगर उनका वादा अधूरा ही रह गया और अब सरकार का कार्यकाल कुछ ही दिन का बच गया है, ऐसे में ऊर्जा विकास श्रमिक संघ चुपचाप नहीं बैठेगी, बल्कि इसके खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में जलील अंसारी, रजी अंसारी, मंजर अंसारी, खालिद, विकास आदि उपस्थित थे।

# साइ नर्सिंग होम में स्टेट की टीम ने किया औचक निरीक्षण, चिकित्सक नदारत

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा-रांची मुख्य पथ पर स्थित साई नर्सिंग होम में स्वास्थ्य विभाग की स्टेट टीम के द्वारा शुक्रवार की रात्रि औचक निरीक्षण किया गया। जांच टीम के द्वारा पाया गया कि अस्पताल परिसर में एक भी एमबीबीएस चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे। जांच टीम को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि साई नर्सिंग होम क्लीनिकल एक्ट के तहत पंजीयन करा रखा है, और अपने हॉस्पिटल के सामने कई विशेषज्ञ चिकित्सकों का बोर्ड लगा रखा है। इसकी आड़ में साई नर्सिंग होम के संचालक द्वारा झोलाछाप चिकित्सक के सहारे कई सिजेरियन ऑपरेशन धड़ले से कराते आ रहे है। इस नर्सिंग होम में एक महिला एमबीबीएस चिकित्सक कभी-कभी आती है और उसी को ढाल बनाकर संचालक द्वारा सारे नियम को तक में रखकर नर्सिंग होम को संचालित कर रहे हैं। क्लीनिकल एक्ट के तहत पंजीयन प्राप्त करने के बाद यह प्रावधान है कि जिस एमबीबीएस चिकित्सक का प्रमाण पत्र लगाकर पंजीयन कराया गया है, वह चिकित्सक 24 घंटे अस्पताल परिसर में मौजूद रहेंगे। तथा जब भी किसी भी प्रकार का सिजेरियन ऑपरेशन करना हो तो सर्जन एवं एनेस्थीसिया के द्वारा ही सिजेरियन ऑपरेशन किया जा सकता है। लेकिन पिछले 1 वर्षों में यहां नर्सिंग होम में लगभग 50 से अधिक महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन समेत कई गंभीर बीमारी का ऑपरेशन झोलाछाप चिकित्सा के सहारे कराये जाने की सूचना स्टेट टीम को मिली थी। ज्ञात हो की इस नर्सिंग होम के संचालक रोहित कुमार खुद एक झोलाछाप चिकित्सक हैं वह बराबर विवादों में घिरे रहे हैं। पूर्व में भी वह स्वयं एमबीबीएस चिकित्सक बनकर मां भगवती नर्सिंग होम हरिया मोड चंदवा में संचालित कर चुके हैं, और एमबीबीएस का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर श्रम विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना में इलाज दिखाकर लाखों रुपये की निकासी कर चुके हैं। जब इनका मामला पूर्व में फंसा तब वे लिखकर दिये कि मैं एमबीबीएस चिकित्सक नहीं हूं। इधर जांच टीम के स्टेट कोऑर्डिनेटर राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जांच के क्रम में ना तो कोई एमबीबीएस चिकित्सक उपलब्ध था, ना ही प्रशिक्षित नर्स तथा बोर्ड में लिखे गए नाम में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं थे। क्लीनिकल एक्ट के तहत पहली बार जुर्माना लगाया जायेगा और सुधार करने का दिशा निर्देश दिया गया है। अगर वह सुधार नहीं करते हैं, तो आगे की कार्रवाई की जायेगी। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि इस नर्सिंग होम में सिर्फ एमबीबीएस चिकित्सा का प्रमाण पत्र लगाकर पंजीयन कराकर झोलाछाप चिकित्सा के सहारे सिजेरियन ऑपरेशन, हर्निया, फिस्टुला ,अपेंडिक्स समेत कई गंभीर बीमारियों का इलाज धड़ले से लेकर करते आ रहे हैं।

# मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किस्को प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किस्को प्रखंड के अंतर्गत हिसरी पंचायत के ग्रामपतरातु, मेरले, अगरडीह, चोरगांई, हिसरी नवा टोली, गांवों का दौरा किया। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा, जिसे मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने संबंधित अधिकारियों को निपटारे का निर्देश दिए। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा, लोहरदगा की जनता ने हमें विधायक बनाया, झारखंड में गठबंधन सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने रोटी, कपड़ा, मकान दिया। पिछले 5 वर्ष में हमलोगों ने अनाज देने का कार्य कियी। इसके साथ ही ग्रामीण जनता के लिए धोती, लूंगी, साडी 10 रुपया में सभी को देने का कार्य किये, इसके साथ ही गांव में गरीब जनता के खपरा के मकान को बदल कर अबूआ आवास के तहत तीन रूम का मकान का निर्माण कराया जा रहा है। वृद्धा, विधवा और पुरुष को 60 वर्ष एवं महिलाएं 50 वर्ष से ऊपर सभी लोगों को एक हजार रुपया प्रति माह पेंशन दिया जा रहा है। मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष से ऊपर महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार के साथ सलाना 12 हजार देने का कार्य किया जा रहा है। सभी लोगों को बिजली बिल माफी योजना के तहत किसानों ग्रामीणों को 200 यूनिट तक बिजली बिल का माफी किया जा रहा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, 20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, अरशद अयुब, तनवीर गौहर, सत्यदेव भगत, जुगल भगत, नुसरत अंसारी, उल्फत अंसारी, रौनक इकबाल, सूरज उरांव आदि उपस्थित थे।

## युवकों ने नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के भंडरा-सेमरा मुख्य सड़क में मुरली तालाब के समीप शुक्रवार की देर शाम नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इसके बाद पीड़िता के बयान लेकर भंडरा थाना पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। बताया जाता है कि दोनों नाबालिग पैदल अपने किसी दोस्त के घर जा रहे थी, इसी दौरान भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली तालाब के समीप दो अज्ञात मोटर साईकिल सवार युवकों ने एक नाबालिग को उठाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इसी बीच एक अन्य युवकों से पीछा छुड़ाकर भागी नाबालिग ने अपने सहेली को दो युवकों द्वारा जबरन अपने साथ ले जाने की जानकारी राहगीरों को दी। इधर घटना स्थल पर भंडरा थाना पुलिस के पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा

ई0 प्रोक्योरमेंट नोटिस सं0 –07/2024–25(1st Call)

Tender Ref. No.: RCD/Chatra/799/2024-25

Date:21-09-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम: | सिमरिया–बगरा पथ (MDR-71) के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 9.00 (कुल लम्बाई–9.00 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि : | रू0 7,45,41,700=00 (रू0 सात करोड़ पैंतालीस लाख इकतालीस हजार सात सौ रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि : | 06 (छः) माह |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि /समय | 15.10.2024 12:00 बजे दोपहर तक |
| 6. | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : | 25.09.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता : | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा। |
| 8. | ई0 प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या : | 06541–224540 |
| 9. | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या : | 0651–2401010 |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

नोट : निविदा की राशि घट – बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 336596 Road(24-25)#D


## कोल्हान की खबरें

## आदित्यपुर में 64 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिला के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर जिला पुलिस को ब्राउन शुगर करोबारी के खिलाफ अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। जिला पुलिस के द्वारा बीते 10 दिनों में पांच ब्राउन पेडलर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं शनिवार को आदित्यपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री के मामले में मुस्लिम बस्ती एच रोड निवासी राहिला खातून और नसीम उर्फ कालिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी राहिला खातून के पास से 64 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद कर लिया। जिसका कुल वजन 5.45 ग्राम बताया जा रहा हैं। छापामारी दल में धीरंजन कुमार,अनीता सोरेन, समा सुसारी लकड़ा, नीतीश कुमार पांडे,राघवेंद्र कुमार व अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे।

## टाटा मोटर्स में बोनस समझौता, अधिकतम 63872 और एवरेज 46418 पर हस्ताक्षर

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा मोटर्स कर्मचारियों के लिए बोनस समझौते को लेकर शनिवार को यूनियन व प्रबंधन के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कर्मचारियों के लिए अधिकतम बोनस 63872 व एवरेज बोनस के तौर पर 46418 रुपए पर हस्ताक्षर किया गया। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के समझौते में स्थाई मजदूर के लिए एकमुश्त राशि की व्यवस्था की गयी। वहीं अस्थायी कर्मियों के लिए भी खुशी की योजना बनाकर लाया गया। वहीं त्रिपक्षीय समझौते के दौरान 225 अस्थाई कर्मियों का एक अक्टूबर को स्थाईकरण करना सुनिश्चित किया गया। बोनस समझौते में 100 अतिरिक्त अस्थाई को स्थाईकरण करने की वार्ता की गयी। जल्द स्थाईकरण का सूची प्रकाशित होगी। फुल टर्म अप्रेंटिस का नवंबर माह में वैकेंसी निकलेगी। फुल टाइम अप्रेंटिस कंप्लीट करने के बाद कर्मचारी पुत्रों का नियोजन 3 वर्ष का डिप्लोमा कार्यक्रम में शामिल कर स्थायी तौर पर नियोजन किया जायेगा। लगभग 116 ऐसे प्रशिक्षु जो पूर्व में टीएमएसटी एवं फुल टर्म अप्रेंटिस कंप्लीट कर चुके हैं, उन्हें भी डिप्लोमा कार्यक्रम से जोड़कर आने वाले अप्रैल महीने में नियोजन प्रक्रिया में शामिल किया जायेगा।

## अब्दुल ने किया आदिवासी युवती का अपहरण

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ निवासी आदिवासी परिवार के 21 वर्षीय एक युवती को अब्दुल सलाम नामक शादी शुदा व्यक्ति के द्वारा बहला फुसला कर अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार को आदिवासी भूमि समाज झारखंड प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग से मुलाकात कर आदिवासी युवती को बरामद करने व अपहरणकर्ता पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। मौके पर घाटशिला के जिला पार्षद सुभाष सिंह ने कहा, बीते 17 सितंबर को अजित कुमार सिंह की 21 वर्षीय पुत्री घर से लापता हो गया। उन्होंने कहा, इस मामले में थाना में शिकयत किये, लेकिन थाना प्रभारी इस गंभीर मामले में अभी तक कुछ नहीं किया। इसको लेकर शनिवार को झारखंड प्रदेश भारतीय भूमिज समाज ग्रामीण एसपी से मुलाकात कर आदिवासी लड़की की जल्द बारामती व अपहरण कर्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। इस तरह के हरकत आदिवासी समाज किसी भी हाल पर बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला प्रशासन इस पर अभिलंब रोक लगाये, अन्यथा समाज एकजुट होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# खेलकूद युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : रामदास



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा स्थित बड़ाजुरी में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अथिति राज्य के मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए।प्रतियोगिता के पहले दिन जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को मंत्री रामदास सोरेन ने 50 हजार नगद पुरस्कार देने की बात कही। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा ऐसे आयोजन युवाओं को खेलकूद में भागीदारी के लिए प्रेरित करती हैं। मंत्री श्री सोरेन ने कहा, खेलकूद युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। झारंखण्ड में हेमंत सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहती है। ताकि क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में खेल संस्कृति का विकास होगा। युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिलेगी। मंत्री ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए आश्वासन दिया भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन और खेल भावना बनाएं रखने की अपील की।

# वार्षिक आमसभा में शामिल हुए मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के डाक बंगला भवन परिसर, भुला पंचायत भवन और पटमदा प्रखंड के लछिपुर पंचायत भवन परिसर में संकुल स्तरीय आजीविका महिला स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा आयोजित वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। शनिवार को विधायक ने तीनों जगहों पर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आजिविका महिला संकुल संगठन के महिलाओं ने विधायक को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ की है। योजना के माध्यम से 18 से 49 साल की महिलाओं को सरकार हर महीने एक हजार रुपये सीधे बैंक खाते में भेज रही है। इसके अलावे सर्वजन पेंशन, गुरूजी क्रेडिट कार्ड समेत अन्य कई प्रकार योजनाओं का शुभारंभ किया है। जिसका लाभ सभी लोग उठायें। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर सीधे संपर्क करें। मौके पर जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, चंद्रशेखर टुडू, लक्ष्मी गोराई, जयंती सिंह, विनय दे, ज्योत्स्ना बोदरा, पायो रानी मुर्मू, जयंती मांझी, रानी प्रमाणिक शांतना हेंब्रम सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 24/2024–25 दिनांक 20/09/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | आश्रम आवासीय विद्यालय, भेलवारा में 100 छात्रों के लिए नये छात्रावास भवन एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। | 42999300.00 | 10000.00 | 860000.00 | एक वर्ष छः माह |
| 2 | बड़कागांव | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़कागांव को मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने से संबंधित कार्य। | 49167800.00 | 10000.00 | 984000.00 | एक वर्ष छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.10.24 से 12.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.10.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.336614 District(24-25):D



## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, राँची। विकास भवन, कचहरी रोड, राँची – 834001 (मनरेगा कोषांग)

मनरेगा अन्तर्गत पद–प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक(सहायक अभियंता के समकक्ष) एवं तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) की रिक्ति बल के विरूद्ध अग्रेतर नियुक्ति प्रक्रिया संबंधी सूचना

राँची जिला में मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्ति के विरूद्ध विज्ञापन ज्ञापांक –1235(ii)/जि०ग्रा०, दिनांक–19/10/2023 के माध्यम से विभागीय वेबसाईट पर आवेदन आमंत्रित किया गया।

उपरोक्त के आलोक में पद–प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) एवं तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) की रिक्ति बल के विरूद्ध विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त आवेदनों की सूची राँची जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर प्रकाशित की गई है।

उक्त अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि विभागीय वेबसाईट पर आवेदन करते समय प्राप्त Application Form एवं सभी दस्तावेजों (शैक्षणिक, जाति, आवासीय, जन्म तिथि आदि से संबंधित) की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा पहचान पत्र (आधार/ मतदाता पहचान पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ दस्तावेज सत्यापन हेतु निम्नवत् उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे :–

| क्रम सं० | रिक्ति पद | प्रकाशित सूची की क्रम सं० | तिथि | स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 1 से 270 | 26.09.2024 | राँची समाहरणालय, ब्लॉब – बी०, कचहरी रोड, राँची कमरा संख्या – 505 |
| | | 271 से 539 तक | 27.09.2024 | |
| 2 | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 1 से 169 तक | 28.09.2024 | |
| 3 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 1 से 200 तक | 30.09.2024 | |
| | | 201 से 397 तक | 01.10.2024 | |

नोटः–निर्धारित तिथि को अनुपस्थित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता स्वतः रद्द समझी जायेगी।

उप विकास आयुक्त,
राँची।

PR 336289 (District) 24-25 (D)

## बारिश से मकान हुआ ध्वस्त परिवार हुआ बेघर, अबुआ आवास की मांग




आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड के जरडा पंचायत अंतर्गत परसा निवासी साहिदा बीबी पति स्वर्गीय मुतुर्जा मियां तथा गुलाम मुस्तफा का मकान पिछले दिनों गिरकर ध्वस्त हो गया। परिवार में 10 लोग इस घटना में बाल बाल बच गए।और इन लोगों के समक्ष रहने व खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया। क्योंकि घटना में अनाज भी नष्ट हो गया। वही परिवार के आधे लोग दूसरे के घर में रहते हैं। इस बात की जानकारी जरडा पंचायत के मुखिया विनय एक्का को दी गयी। मुखिया पीड़ित के घर पहुंचे और सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को आवेदन देकर सहायता की मांग की जायेगी। वहीं परिवार के लिए आवास का भी मांग किया जायेगा। वहीं परिवार वालों ने बताया अबुआ आवास में एंट्री हुई थी लेकिन योजना का लाभ नहीं मिला। वहीं उन्होंने पंजीयन संख्या भी बताया। वही परिवार के लोगों ने जल्द आवास की मांग प्रशासन से की है। मुखिया ने कहा प्रखंड के पदाधिकारी द्वारा जांच करते हुए जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को आवास का लाभ दिया जाए।

# जड़ी बूटी ने ले ली दो की जान

**जड़ी बूटी का सेवन के बाद शराब पीने से बिगड़ी तबियत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में जड़ी बूटी से निर्मित टीवी बीमारी का दवा बनाकर खाने व दूसरे को खिलाने से दो लोगो यथा 40 वर्षीय वैध सुधीर तिर्की व 39 वर्षीय बसंत तिर्की की मौत हो गयी। जबकि चार लोग यथा मृतक बसंत की पत्नी सुषमा तिर्की, बेटा शशि तिर्की, बादल टोप्पो व सुजीत तिर्की गंभीर हो गये। सभी गंभीर लोगो का सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। इनमे अत्यंत गंभीर स्थिति देख डॉक्टरों ने सुजीत तिर्की को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। मगर परिजन उसे रिम्स नहीं ले जाकर शहर के ही एक प्राइवेट क्लिनिक में भर्ती कराए है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि सुजीत ही टीवी रोग से ग्रसित है। और वह सीलफड़ी गांव का रहने वाला है। जड़ी बूटी का दवा खाने के बाद उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गयी है। इधर दो लोगो की मौत की सूचना के बाद सदर थाना की पुलिस शवो को कब्जे में कर पोस्मार्टम के उपरांत परिजनों को सौप दिया। और जीरो एफआईआर यूडी का मामला दर्ज कर मामला को चैनपुर पुलिस के पास रेफर कर दिया गया। दोनो शवो का पोस्टमार्टम गठित तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड द्वारा किया गया।



बोर्ड में डीएस डॉक्टर अनुपम किशोर, डॉक्टर पीसीके भगत व डॉक्टर जितेंद्र शामिल थे। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों की मौत का स्पष्ट कारणों की जांच हेतु बेसरा रांची रिम्स भेजा जायेगा। इधर पूरे मामले को लेकर चैनपुर पुलिस हर पहलुओं को सामने रखकर जांच में जुट गयी है। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि दवा निर्माण के दौरान जड़ी बूटी के साथ किसी जहरीला पदार्थ का मिश्रण होने अथवा जड़ी बूटी मिश्रण के दौरान किसी के द्वारा कोई साजिश रच दी गयी होगी। चूंकि घटना कई सवाल को भी जन्म दे रहा है। लोगो का कहना है कि जड़ी बूटी से निर्मित टीवी रोग का दवा अगर बैध के द्वारा बनाया गया तो वह उस दवा को रोगी को खिलाने के साथ साथ खुद क्यों सेवन किया, और मौके पर मौजूद अन्य स्वस्थ्य लोगो को भी सेवन क्यो करने दी। घटना के बाद दूसरी बात यह भी उभर कर सामने आया है कि जड़ी बूटी से निर्मित टीबी रोग के दवा का सेवन किये जाने के बाद सभी लोगो ने शराब का भी सेवन किया था। शराब के सेवन किये जाने के बाद उसका जहरीला होने अथवा जड़ी बूटी से निर्मित दवा खाने के बाद शराब पीने से उसका कोई रिएक्शन होने के कारण मौत होने की बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

ऐसे पूरे घटना से पोस्टमार्टम व बेसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पर्दा उठ पायेगा।

## हिंदू जागरण के पदाधिकारियों की बैठक



**सिसई ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिलखी मोड़ स्थित संजय कुमार वर्मा के आवास में शुक्रवार को हिंदू जागरण के झारखंड प्रदेश प्रावर्तन प्रमुख संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सिसई प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय आवश्यक बैठक हुआ। बैठक में महिला समान व सुरक्षा, हिंदुओं को एकजुट करने, धर्मांतरण, लव जिहाद, आगामी सर्द्ध पूर्णिमा, सहित अनेक बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में पूर्णिमा देवी, विनोदानंद पाठक, रवि साहु, राजदेव साहु, मुकेश ताम्रकर, प्रमोद दास, सुमेश्वर उरांव, कर्मपाल उरांव, मनोज वर्मा, राजेश कुमार देवघरिया, इंद्रपाल भगत, मनोज चौधरी, सहित भारी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद थे।

## परिसदन गुमला में सामाजिक विचार गोष्ठी 23 को

**गुमला ( आजाद सिपाही)।** सरना समिति गुमला के बैनर चले परिसदन गुमला में 23 सितंबर को सामाजिक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ पूर्वाह्न के 11:00 से की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री देव कुमार धान, सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की विशेष रूप से शामिल होंगे। सरना समिति गुमला जिला के अध्यक्ष सह किसान प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हंदू भगत ने दी। बताया कि 4 अक्टूबर को आदिवासी जमीन बचाओ अभियान की शुरूआत की जायेंगी और आगे की रणनीति तैयार किया जायेगा। विचार गोष्ठी के कार्यक्रम में लोहरा समाज और सरना समाज और विभिन्न आदिवासी संगठन के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है बैठक में सीएनटी एसपीटी एक्ट के मुद्दे पर भी चर्चा किया जायेगा। आदिवासी महिला जो चुनाव का लाभ उठा रहे हैं, दूसरे श्रेणी में विवाहिता होकर जाते हुए भी लाभ उठा रहे हैं इस पर विशेष चर्चा होगा।

# राज्य में हो रही घुसपैठ, भ्रष्टाचार, को समाप्त करने के लिए सरकार को सत्ता से बेदखल का संकल्प लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को समृद्ध विकसित राज्य बनाने, राज्य में हो रहे घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था को समाप्त करने, तुस्टीकरण में लिप्त ठगबंधन सरकार को सत्ता से बेदखल का संकल्प लेकर भाजपा की परिवर्तन यात्रा शहीद सिदो-कान्हू के स्थली भोगनाडीह से प्रारंभ हुआ रथयात्रा.. गुमला जिला के तीनों विधानसभा में आगामी 26-27 सितंबर को पहुंचेगी। जहां रायडीह, गुमला, सिसई, घाघरा में कार्यक्रम सम्पन होंगे, परिवर्तन रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा। परिवर्तन यात्रा में गोरखपुर लोकसभा के सांसद सिने स्टार रवि किशन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व प्रमुख नेता भाग लेंगे। जिले में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने हेतु जिला उपाध्यक्ष



सत्यनारायण पटेल जी के आवास पर जिला पदाधिकारीयों की तैयारी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। परिवर्तन रथ का पूरे जिले में भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, नगर ग्रामीण मंडल को अतिथियों का स्वागत, शहीदों का माल्यार्पण रोड शो कराने की जिम्मेदारी दी गयी, सफल कार्यन्वयन हेतु जिला संगठन द्वारा कमिटी गठित की गयी है। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, अनूप चंद्र अधिकारी, महामंत्री यशवंत सिंह रामअवतार भगत, सत्यनारायण पटेल, दामोदर कसेरा, सुजीत नंदा, शिवदयाल गोप, कृष्ण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, संदीप प्रसाद, विकास सिंह, बबलू वर्मा, हरमीत सिंह, अशोक साहु, संतोष सिंह, गुड्डी नंदा, उज्जवल मिश्रा विकास श्रीवास्तव, ललिता गुप्ता, खुशमंन नायक व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# इंटरनेट सेवा बंद रहने से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** जेपीएससी परीक्षा को लेकर प्रखंड में शनिवार सुबह छह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक संपुर्ण इंटरनेट सेवा बंद रहने से जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। इस दौरान अपनी आवश्यकताओं के लिए आंनलाईन पैसा निकासी दुकानों में जगह जगह भारी भीड़ देखने को मिला। लोग अपने रोजमर्रा व जरुरत के कामों को लेकर परेशान रहे। इंटरनेट सेवाओं से जुड़े व्यवसाय, कैश निकासी, आंनलाईन से संबंधित सभी सेवाएं, सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों में इंटरनेट से होने वाले कामकाज पुरी तरह से ठप पड़ा रहा। दिन भर कैश लैस पेमेंट सेवा बंद रहने से स्थानीय लोग रोजमर्रा की जरूरत की सामानों-राशनों की खरीदारी नहीं कर सकें, दुसरी ओर गंभीर रूप से बीमारी से



पीड़ित मरीज, सामान्य रोगियों के इलाज और दवा आदि खरीदने के लिए उनके परिजनों को भारी दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में लोगों का कहना था कि जेपीएससी परीक्षा और परीक्षार्थियों के परीक्षा में बैठने के बाद दिन भर इंटरनेट सुविधा बंद रखा जाना समझ से परे है। सरकार को कदाचार मुक्त और सुरक्षा दृष्टिकोण से परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों व उसके आस पास के क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट जैमर लगाया जाना चाहिए और परीक्षार्थियों को मोबाईल फोन ले जाने पर रोक होनी चाहिए, न की पुरे राज्य की इंटरनेट सेवाएं ठप करनी चाहिए। आज के आधुनिक व डिजिटल युग में एक परीक्षा के लिए पुरे इंटरनेट सुविधा को बंद करके सभी आम जनता, कारोबारियों और जरूरतमंदों को परेशान करना और क्षेत्र के कारोबार, मरीजों और जरुरतमंदों का ख्याल रखते हुए इंटरनेट सेवा को पुरी तरह से ठप कराना गलत और किसी भी तरह से नियम संगत नहीं है।

## लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह



**गुमला ( आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा विश्व शांति हेतु एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में किया गया जिसमें शपथ लिया गया कि, मै प्रतिज्ञा करता हूं, कि विश्व शांति की कामना करते हुए, मै शांति से रहूंगा, सबकी शांति चाहूंगा' सबकी शांति में मदद करूंगा, किसी की शांति में विघ्न नहीं बनूंगा' इस आयोजन में अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला, अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष ला. अनिल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ला. शंकरलाल जाजोदिया, ला. पदम कुमार साबू, विशाल कुमार बिद्दू ,बनवारी लाल अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक आनंद, सत्येंद्र गुप्ता,योगेंद्र प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, मनमोहन केशरी, शिव कुमार लाल, जयकांत राय, कृष्णा सोनी, शशि किरण जयसवाल, किरण केसरी, राज आनंद, रविंदर कौर, सरिता देवी, जय जयकांत राय रणधीर वर्मा, संजय साहू, पम्मी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बिजली सब्सिडी का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं गुमला के व्यापारी और आम नागरिक : दामोदर कसेरा



**गुमला ( आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की बिजली सब्सिडी देने का काम देख रही कंपनी फ्यूजन एक्सफ्लोर टेक की लापरवाही के कारण गुमला के व्यापारी और आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। यह कंपनी अपना कार्य को सही तरीके से नहीं कर रही है। जिसके कारण बिजली में मिलने वाली सब्सिडी से लोग वंचित हो जा रहें है। और सरकार भी इसपर ध्यान नहीं दे रही है। गुमला में बिजली के मीटर का मंथली रीडिंग नहीं होने से सरकार द्वारा दिया जा 200 यूनिट बिजली का लाभ नहीं मिल रहा हैं। ज्ञात हो की अगर किसी का 200 यूनिट तक बिजली की खपत होती है तो उसको बिजली बिल का भुगतान नहीं करना हैं। अगर 400 यूनिट से ऊपर होता हैं तो उनको सब्सिडी नहीं मिलेगी। परंतु सबसे बड़ी समस्या है की मंथली रीडिंग नहीं होने से बिजली सब्सिडी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुमला का इतिहास रहा है की आजतक मंथली रीडिंग कभी नहीं हुआ है। आने वाले समय में अगर इसपर सुधार नहीं होता है तो गुमला चेंबर आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# अबुआ आवास चयन को लेकर ग्रामसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** अबूआ आवास चयन को लेकर शनिवार को पंचायत कार्यालय सभागार में बिशुनपुर पंचायत का विशेष ग्राम सभा का आयोजन मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक के अध्यक्षता में किया गया। जहां पंचायत के वार्ड सदस्य पंचायत समिति सदस्य ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। जहां पूर्व में किए गए ग्राम सभा व प्रशासन के द्वारा जारी किया गया लिस्ट में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नये सिरे से ग्राम सभा के माध्यम से लाभुक चयन करने का निर्णय लिया गया। इधर मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक ने कहा कि ग्राम सभा में लोगों के मुख्य मांग रही कि जारी सूची में जो



जरूरतमंद है उसका नाम अंतिम में चला गया है जिस कारण उसका सुधार किया जाए और ग्राम सभा के द्वारा चयनित जरूरतमंद लोगों को ही प्राथमिकता सूची में किया जाए।

जिसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से आग्रह किया जायेगा। हालांकि अति आवश्यक जिनका मकान नहीं है और जो मकान लेने योग्य हैं उनके चयन के लिए टीम बनायी गयी है जिसमें पंचायत स्तर के ही जनप्रतिनिधियों शिवम गांव के प्रबुद्ध लोगों को शामिल किया गया है ताकि किसी प्रकार का विवाद ना हो इस मौके पर पंचायत के सभी प्रधान वार्ड सदस्य पंचायत समिति सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्कूल में नहीं होती है पढ़ाई, तास खेलते हैं बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के कुलबुरू पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुलबुरू गयाटोली में बच्चे तास खेलते नजर आ रहे हैं वहीं एक तरफ सरकार ने शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए करोड़ों राशि खर्च कर रही है और शिक्षकों की बहाली भी कर बच्चों के भविष्य को संवारने की जुगत में रहती जरूर है लेकिन इसका दूसरा पहलू स्कूल में देखते ही बच्चों का भविष्य भयावह लगने लगता है ये ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है कि जिस हाथ में किताब कॉपी पेंसिल होनी चाहिए उसी हाथ में स्कूल के कमरे में तास के पते से खेलते दिखे स्कूल के बच्चे। कामडारा प्रखंड



के सुदूरवर्ती गांव जो उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र जिसे कभी उग्रवादियों की राजधानी भी कहा जाता था जहां के कुलबुरू पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुलबुरू गयाटोली स्कूल के बच्चे तास खेलते नजर आए। आज के होनहार बच्चे ही आने वाले कल के भविष्य है। इन बच्चों के हाथों में जहां कॉपी किताब पेंसिल होनी चाहिए इन बच्चों के हाथ स्कूल पढ़ाई किए जाने वाले कमरे में किताब के बैग के उपर रख तास खेलें तो इन बच्चों के भविष्य क्या होगी। तास खेलने मामले में उपस्थित शिक्षक ने बताया कि बच्चे को तास लेकर मत आना बोलते हैं लेकिन लेकर आ गया क्या करें बात ही नहीं सुनता है।

## स्वास्थ्य केंद्र में 31 महिलाओं का बंध्याकरण



**कामडारा ( आजाद सिपाही)।** कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में 31 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। इस कार्यक्रम के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील खलखो ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत ज्योति क्लिनिक के डॉ राव एवं उनकी 8 सदस्यीय टीम ने लेप्रोस्कोपिक विधि से कामडारा प्रखंड के कामडारा खास तथा सुदूरवर्ती गांव की 31 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। इस मौके पर राजकुमार ठाकुर,तरुण पासवान,संतोषी देवी, आशीष, सुमित कुमार व सभी स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## घाघरा शाखा में सर्वेश्वरी शाखा समूह का 64वां स्थापना दिवस धूमधाम से हुआ संपन्न



**घाघरा ( आजाद सिपाही)।** शाखा में सर्वेश्वरी शाखा समूह का 64वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम सर्वेश्वरी शाखा समूह के सदस्यों ने दो पहिया चारपहिया वाहनों के साथ सैकड़ो की संख्या में चांदनी चौक घाघरा स्थित सर्वेश्वरी शाखा समूह से प्रभात फेरी निकाली गयी। जो थाना चौक, ब्लॉक चौक, नवडीहा, गम्हरिया होते हुए पुनः सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा पहुंचा।इसके बाद धवजोतोलन पूजन, आरती सफल योनि पाठ और प्रसाद का वितरण किया गया। सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा बाल मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता व पुरुस्कार का वितरण।

## कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुई जेएसएससी (सीजीएल) परीक्षा, 62 अभियर्थी हुए शामिल

**भरनो ( आजाद सिपाही)।** भरनो के प्लस टू हाई स्कूल में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुई जेएसएससी (सीजीएल) परीक्षा, 62 अभियर्थी हुए शामिल भरनो के प्लस टू हाई स्कूल में खररउ (सीजीएल) परीक्षा आयोजित हुई। जहां विभिन्न राज्यों से 63 अभियर्थी शामिल हुए। जिसमे एक दिव्यांग अभ्यर्थी भी शामिल रहा। जबकि इस सेंटर में 228 अभियर्थियो को शामिल होना था। पूरे राज्य में परीक्षा को लेकर सुबह 8 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी जिसके कारण कई अभ्यर्थी परीक्षा सेंटर तक नहीं पहुंच पाए। परीक्षा को लेकर अहले सुबह से ही प्रशासन मुस्तैद रही। पुलिस बल जमे रहे।

# बालक-बालिका खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का नवयुवक संघ एरो ने किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुर।** विधानसभा अंतर्गत बसुआ पंचायत के ग्राम एरो में पांच दिवसीय बालक-बालिका खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट नवयुवक संघ एरो के द्वारा आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 48 बालक टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच कांसी टोली बनाम फोरी के बिच खेला गया जिसमें फोरी की टीम बिजय रही, और 14 बालिका टीम ने भाग लिया जिसमें फाइनल मैच चांदाली बनाम सवरीया के बिच खेला गया जिसमें चांदाली की टीम बिजय रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने कहा कि इस सुदूर ग्रामीण इलाके में इतना बड़ा टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना अपने आप में एक उपलब्धि है मैं यहां के युवा साथियों को धन्यवाद देना चाहूंगा इस टूर्नामेंट से आपसी सद्भावना बढ़ाने का काम किया है इसे क्षेत्र में एक शांति सद्भाव और समन्वय बनाने का काम कर रहे हैं इसकी मै सराहना करता हूं साथियों एक टूर्नामेंट नहीं है हम सभी को एक दूसरे के अनुभव को अच्छे तरह से अच्छाई को बांटने का कर रहे हैं और उसको अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है जिस तरह से एक खेल में 11- 11 प्लेयर खेलते हैं और जो आपसी तालमेल से अवसर का लाभ लेते हुए गोल कर पाता है वही विजय होता है इसी तरह से हमारा समाज में अवसर का लाभ लेते हैं और अपने आप को सम्मानजनक रूप से समाज में काम करते हुए आगे बढ़ते हैं उन्हीं का जीवन सफल होता है। साथियों वर्तमान समय में खेल का अभूतपूर्व महत्व है। इससे हमारा स्वास्थ्य अच्छे होते हैं जिससे मानसिक और आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है आज खेल भी एक जीविकोपार्जन का साधन बन गया है इससे हम अपने भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं हम देख पाते हैं कि कई ऐसे लोग इसको करियर के रूप में स्थापित होकर अपने जीवन को सफल और सफल बनाय हम पढ़ाई के साथ साथ है खेल पर भी हमें आवश्यक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आप खेल को खेल की भावना से खेलें एक टीम विजई होता है तो दूसरी टीम खेल दिखाकर लोगों के दिल को जितने का काम करें। मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट नव युवक संघ के अध्यक्ष विजय उरांव, सचिव प्रदीप उरॉव, विशिष्ट अतिथि गुमला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, देवा साहु, देवपाक उरांव, नौशाद अंसारी, राज मिंज, विजय उरांव, परमेश्वर उरांव, रोहित उरांव, घुड़ा उरांव, लालू कुल्लू सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।



## कोयल नदी के बीच में फंसे युवक को बचाया



**बसिया ( आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी सुनील रवि दास की सूझबूझ से कोयल नदी के बीच में फसे युवक को बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के होंजर निवासी पास्कल इंदवार उम्र 30 वर्ष शुक्रवार को कोनबीर बाजार गया था। जहां उसने शराब पी ली उसके बाद घर लौटने के क्रम में रास्ता भूल कर कोयल नदी में उतर गया। पानी का बहाव तेज होने के कारण बहते हुए खझई स्थित एक चट्टान में फस गया। रात भर चट्टान में रात गुजरना पड़ा सुबह जब ग्रामीणों की नजर उक्त पानी के बीच मे फसे युवक पर पड़ी।तो इसकी सूचना बसिया थाना को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में दल बल के साथ घटना स्थल पहुचे। और ग्रामीणों की मद्दद से उसे बाहर निकाल कर बसिया थाना लाया गया। भूख के कारण और डर से काफी सहमा हुआ था।

# केंद्रीय कृषी मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रतिनिधि, सौंपा 11 सूत्री मांगपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय कृषी मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें जातीय जनगणना कराकर देश में सभी क्षेत्रों में राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं नौकरी में आरक्षण बढ़ाने की मांग शामिल है। कहा कि झारखंड में करीब 85



प्रतिशत किसानों की आबादी है जिसमें 50 प्रतिशत ओबीसी किसान परिवार निवास करते है। झारखंड के किसानों के हित में केंद्र सरकार की ओर से ग्रामीण स्तर पर बाजार की व्यवस्था, उनके उत्पाद का उचित समर्थन मूल्य देने, किसानों के लिए सभी प्रखंड मुख्यालय में उनके उत्पाद के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने, राज्य में ओबीसी की हालत व उनका उत्थान कैसे होगा उस विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। साथ ही ओबीसी एकता अधिकार मंच के 11 सूत्री मांग को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की भी मांग की गयी है। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला जयसवाल, केंद्रीय सदस्य पंकज साहू, केंद्रीय सदस्य शुभम कुमार, अंबर कुमार, पवन साहू, केंद्रीय कार्यालय प्रभारी हिमालय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# महिला, युवा व कला-संस्कृति पर्यावरण के अंग व राष्ट्र की धरोहर हैं: डॉ कौशल

**जिला पार्षद अमित कुमार ने सिलदाग में जेएस एलपीएस के वार्षिक सभा का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** छतरपुर के सिलदाग पंचायत सचिवालय में आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा का उद्घाटन छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रखंड सहकारी समिति की नीलू देवी, बीपीओ सखी चंद दास व बैंक अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। इसस अवसर पर अमित जायसवाल ने सचिवालय की जर्जर स्थिति को देख सुंदरीकरण के लिए जिला पार्षद मद से 10 लाख रुपए दिलाने का आश्वासन दिया। हुटुकदाग पंचायत के करमा बाजार के राजकीयकृत मध्य विद्यालय के मैदान में गुरुवार को नवयुवक संघ के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष में आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पर्यावरण धर्म गुरु व पर्यावरणविद सह ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने ग्रामीणों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए फलदार पौधे भी वितरित किया। कहा कि युवा, कला-संस्कृति ये सभी वन व पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर है। इन सभी की हिफाजत करना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि देवताओं के इंजीनियर व सृष्टि के निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा जी जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब उनके द्वारा दिये गए जंगल झाड़ व वन की हम हिफाजत करने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होंने सभी लोगों से अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने दिनचर्या में शामिल करने को कहा। ताकि बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को रोक कर स्वच्छ सृष्टि का निर्माण किया जा सके। मौके पर भक्ति जागरण के आयोजन के अध्यक्ष सुभाष कुमार गुप्ता, सचिव पंकज विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा, प्रिंसिपल तारा कुमारी, राजेंद्र चौधरी, लड्डू पासवान, संतोष पासवान, अमन सिंह, सुनील विश्वकर्मा, विशाल गुप्ता आदि थे।

## नवरात्र से पहले पिचिंग नहीं हुई तो होगा सड़क जाम : कमलेश कुमार

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। शहर में एनएच 139 का नवरात्र से पहले पिचिंग कार्य नहीं हुआ तो अनिश्चितकाल के लिए सड़क जाम करेगें। उक्त बातें राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर कही। कहा कि शहर में एनएच 139 सड़क की गड्ढे तो भर दी गई पर अब तक पिचिंग नहीं हुई है। जिससे सड़क पर उड़ रही धूल से शहरवासी परेशान हैं।

## दुर्गा पूजा युवा बाल संघ के जयशंकर अध्यक्ष व सचिव बने रवि यादव

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम में दुर्गा पूजा युवा बाल संघ समिति एवं आम लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रजनीश कुमार ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा को संपन्न कराने के लिए पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें जयशंकर गुप्ता अध्यक्ष, रवि यादव सचिव, प्रमोद मेहता उपाध्यक्ष, रामलाल साव उप सचिव, सन्नी विश्वकर्मा, जिशु कोषाध्यक्ष, रोहित यादव व सोनू उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## सतबरवा बीएसएन इंटर कालेज में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन

# डिजिटल जमाने में उपभोक्ताओं को बेहद सतर्क रहने की जरूरत: दिनेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड अंतर्गत बलवंत सिंह नामधारी इंटर कॉलेज सभागार में शनिवार को भारत सरकार की भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के सौजन्य से रांची के प्रगति एजुकेशनल एकेडमी की ओर से मोबाइल टेलीकॉम कंपनियों के उपभोक्ताओं के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य अजय साहू, भोला मेहता, प्रतिमा एवं संस्था के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रगति एजुकेशनल एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता द्वारा टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता किया गया। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल इंडिया का जमाना है। इस क्षेत्र में देश ने काफी प्रगति किया है। उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत




उपभोगता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

भी हुआ है, लेकिन इसके उपयोग में बड़ी सावधानी की जरूरत है। जरा सी लापरवाही होने पर आपके खून-पसीने की कमाई लूट ली जाएगी और आपको पता भी नहीं चलेगा। खास कर छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते समय किसी भी तरह के फॉर्म भरते समय या रुपए के लेन-देन करते समय काफी सावधानी बरतनी की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अनचाहे कॉल से डीएनडी 2.0 एप द्वारा कैसे बचा जाए। कहा कि लोग आज टावर लगाने के नाम से भी ठगी कर रहे हैं जिससे बचें। सभी तरह की जानकारी के लिए वीडियो के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई। कहा कि छात्र-छात्राओं को मोबाइल का उपयोग ऑनलाइन क्लास करने एवं सोशल मीडिया में सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं एवं सबसे ज्यादा उपयोग करते हैं जिसमें मोबाइल नंबर वायरल हो जाता है और ठगी के शिकार हो जाते हैं। जिससे बचने की सबसे अधिक जरूरत है। इसके अलावे अन्य कई तरह के ठगी से बचने के भी कई उपाय बताये गये। उन्होंने उसराहना करते हुए कहा कि उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम ऐसे आयोजन लगातार ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि भोले-भाले ग्रामीण ठगी के शिकार न हो। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की जरूरत है, ताकि कोई भी बटन न दबाये और आप ठगी का शिकार ना हो जाये। छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया गया कि वे खुद सुरक्षित रहें और दूसरे को भी सुरक्षित रखें। यह भी बताया गया कि साइबर अपराध से बचने का सबसे अच्छा उपाय है कि आप अपना व्यक्तिगत जानकारी कभी भी किसी से साझा ना करें। इस कार्यक्रम के समापन से पूर्व सभी प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया और सवाल-जवाब किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के धर्मेंद्र कुमार, प्रोफेसर महादेव, निकिता कुमारी, अभिनंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## भारी मात्रा में शराब बरामद

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव के एक अर्धनिर्मित मकान से उत्पाद विभाग और हरिहरगंज पुलिस ने संयुक्त छापामारी कर शनिवार को भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी चंदन कुमार ने दी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 5/RII/2024-25/RWD/CHATRA, Identification No.- **RWD/CHATRA/30/ 2024-25** (मयूरहण्ड प्रखण्ड के मंझगांवा पंचायत में पी॰डब्ल्यू॰डी॰ रोड महेशा से आर॰ई॰ओ॰ रोड तिलरा तक पथ का निर्माण कार्य (लं॰– 2.625 कि॰मी॰)), दिनांक–09.09.2024, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 20.09.2024 है तथा **P.R. No.** 335219 **Rural Work Department (24-25).D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

**निविदा की शर्तें संख्या–**

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.09.2024

3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।

4 ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे। अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhand tenders.gov. in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.336503 Rural Work Department(24-25):D

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 01/2024–25 (1st Call) गैर–योजना मद**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 30.09.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 01.10.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.10.2024 को अपराह्न 3:30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं॰–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची–834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची–834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा–835302. |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | क्रमांक 6 के अनुसार। |

8. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र॰ सं॰ | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के कि॰मी॰ 22वें में सुरक्षात्मक कार्य हेतु गार्ड वॉल का निर्माण कार्य। | 50.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 2. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के 18वें में कि॰मी॰ में नाली निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 3. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के 23वें में कि॰मी॰ में नाली निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 4. | केशा मोड़–माण्डर पथ (कुल लम्बाई 15.95 कि॰मी॰) में रोड मार्किंग एवं रोड सेफ्टी ऑडिट के प्रावधानानुसार साईन बोर्ड का अधिष्ठापन कार्य। | 50.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 01 Month. |
| 5. | केशा मोड़–माण्डर पथ (चेनेज 16वें कि॰मी॰) में दक्षिण कोयल नदी के पहुँच पथ का सुरक्षात्मक कार्य हेतु W-Metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठापन एवं फ्लैंक प्रोटेक्शन कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5,000.00 | 01 Month. |
| 6. | किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के विभिन्न चेनेजों (घाटी क्षेत्र) में सुरक्षात्मक कार्य हेतु W-Metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 16.00 | 32,000.00 | 5,000.00 | 01 Month. |
| 7. | पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय भवन का सुसज्जीकरण कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 Month. |

1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जो कि परिमाण–विपत्र की बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. बिना कारण बताये विभाग को किसी या सभी निविदा को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 336537 (Lohardaga) 24-25 (D)

## पलामू में 93 लाख कैश बरामद, दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही एटीएस

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा से एक दिन पहले यानी शुक्रवार की शाम में पुलिस ने एक होटल से छापामारी के दौरान एक व्यक्ति के पास से 93 लाख कैश बरामद किया था। यह कैश पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना की पुलिस ने मुख्य बाजार स्थित होटल साईं इन के कमरा नंबर-204 से शुक्रवार की रात बरामद किया। इस मामले में अब झारखंड एटीएस ने भी जांच शुरू कर दी है। एटीएस की एक टीम पलामू में कैंप कर रही है। वहीं एटीएस के अधिकारी हिरासत में लिये गये दोनों व्यक्तियों से पूछताछ कर रहे हैं। होटल में छापामारी के दौरान भारी मात्रा में कैश बरामद होने पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था। पुलिस ने जिस व्यक्ति के पास से कैश बरामद किया है, उसका नाम सदन यादव है। वह औरंगाबाद के बिजुलिया का रहनेवाला है। हिरासत में लिये गये दूसरे व्यक्ति का नाम नितिन कुमार बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिये हैं। पुलिस की शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि बरामद पैसा सोना कारोबार से जुड़ा है। हिरासत में लिये गये दोनों व्यक्तियों ने पुलिस को बताया कि वह वाराणसी से नकद लेकर पलामू पहुंचे थे। जिसे किसी को देना था। फिलहाल होटल के कमरे से बरामद कैश का सीजीएल परीक्षा से कोई कनेक्शन नहीं देखने को मिल रहा है।

# विश्रामपुर के घोरडिहा में डीहवार देव स्थल को तोड़े जाने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के घोरडिहा गांव के ग्राम देवता डिहवार बाबा देव स्थल को शुक्रवार की देर शाम जेसीबी व पोकलेन मशीन लगवाकर ध्वस्त करा दिया गया। यह कार्य स्थानीय प्रशासन की मदद से रेल विस्तारीकरण का कार्य कर रही कंपनी रिलायबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। उधर, घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार गढ़वा रोड से डेहरी ऑन सोन तक रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण हो रहा है। रेल पटरी बिछाने का काम एमबीपीएल कंस्ट्रक्सन कंपनी को मिला था। जिसे उसने पेटी पर रिलायबल इंटरप्राइजेज प्रा लिमिटेड कंपनी को दे दिया है। रेल पटरी घोरडीहा गांव से गुजरने के क्रम में ग्राम देवता डीहवार बाबा देवस्थल बीच में पड़ रहा था। जिसको हटाने को लेकर कंपनी के प्रतिनिधियों, रेल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक और ग्रामीणों के बीच एक बैठक 28 अप्रैल को हुई थी। जिसमें कुछ शर्तों के साथ ग्रामीण डिहवार बाबा को दूसरे स्थान पर स्थांतरित करने को तैयार हुए थे। जिसका एक लिखित समझौता पत्र भी बना था। ग्रामीणों ने जब धर्म गुरुओं से इस संबंध में बात की तो उनलोगों ने अक्तूबर में शारदीय नवरात्रि के समय स्थांतरित किये जाने को कहा। लेकिन शुक्रवार को सीओ चंद्रदेव प्रसाद व रेहला पुलिस के साथ कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राम प्रसाद मशीन लेकर पहुंचे और देव स्थल को ध्वस्त करा दिया। जिसका शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने विरोध किया।

## डीडीसी ने विभिन्न प्रखंड प्रमुखों के साथ की बैठक




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीडीसी की ओर से डीआरडीए सभागार में जिले के सभी पंचायत समिति प्रमुखों के साथ बैठक की गई। जिसमें प्रखण्डों में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले के 13 प्रखण्डों में 15वीं वित्त आयोग की राशि का व्यय शून्य या काफी कम है। धीमी प्रगति वाले सभी बीडीओ एवं प्रमुख को कारण पृच्छा निर्गत करने का आदेश दिया गया। सभी प्रखण्डों में उपलब्ध योजना राशि को त्वरित गति से व्यय करने का आदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ प्रमुख द्वारा अपने पंचायत समिति क्षेत्र में अत्यधिक राशि व्यय की गई है। 15वीं वित्त आयोग की राशि से सभी पंचायत समिति क्षेत्र में समानुपातिक रूप से योजनाओं के क्रियान्वयन में राशि व्यय करने का निर्देश दिया गया।समीक्षा में पाया गया कि पंचायत समिति एवं पंचायत कार्यकारिणी की बैठक लम्बे समय से आयोजित नहीं की गई है। सभी प्रखण्डों एवं पंचायतों मेंकार्यकारिणी एवं स्थाई समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित किए जाने का निर्देश दिया गया। प्रखण्डों में संचालित सभी योजनाओं यथा अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, ऋण संबंधी योजना, कल्याण, कृषि पशुपालन, सहकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास आदि से संबंधित योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन में शीघ्रता एवं पूर्ण पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया गया। सभी पंचायत कार्यालयों को क्रियाशील बनाने एवं सभी कर्मियों की नियमित उपस्थिति मैनुअल एवं बायोमेट्रिक दोनों तरीके से दर्ज कराने का निर्देश दिया गया।

## राजद की बैठक में दर्जनों युवाओं ने ली सदस्यता

# राजद से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय बनाकर चुनाव की रणनीति बनायेंगें : संजय

**प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने माला पहनाकर नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के पुरंदर बीघा स्थित आवासीय परिसर कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें विधानसभा चुनाव को लेकर राजद कार्यकर्ताओं को बूथ से लेकर पंचायत स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान दर्जनों युवाओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में सभी बूथ से लेकर पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता मजबूती के



साथ चुनाव को लेकर तैयारी में जुटे हैं। पार्टी में जो वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं उनसे बेहतर समन्वय के साथ आगे की रणनीति तैयार करेंगे। वहीं, राजद की सदस्यता लेने वालों ने पार्टी से मिली जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने की बात कही। मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान, प्रदेश सचिव रिजवान खान, प्रदेश महासचिव मदन पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, राजद के वरीय युवा नेता बिनय कुमार सिंह यादव, राजद नेता सह मुखिया पति अशोक यादव और जिला सचिव संजय यादव आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –06/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम : **कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,** पथ प्रमण्डल,चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 03.10.2024 से 04.10.2024 तक कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 05.10.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.10.2024 अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (1) **मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय** पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हॉस्टल, नं0–2, धूर्वा, रॉची। (2) **अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,** पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। (3) **कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,** पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान: क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान
7. कार्य विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हजारीबाग–कटकमसांडी–चतरा पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 50.00 | 5000=00 | 100000=00 | 02 (दो) माह |
| 2 | हंटरगंज–कौलेश्वरी मंदिर पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 50.00 | 5000=00 | 100000=00 | 02 (दो) माह |
| 3 | विकास भवन से नगवाँ बाईपास पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 40.00 | 5000=00 | 80000=00 | 02 (दो) माह |
| 4 | निमाकातू–कौरा पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 50.00 | 5000=00 | 100000=00 | 02 (दो) माह |
| 5 | टण्डवा से बारियातु पथ के 6वें कि0मी0 में सराढु में पुल का विशेष मरम्मति कार्य। | 25.00 | 5000=00 | 50000=00 | 02 (दो) माह |
| 6 | सिमरिया–टण्डवा पथ के सेरंगदाग बाजार के 20वें कि0मी0 में पथ के दोनों तरफ 500मी0 पक्की आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 49.50 | 5000=00 | 100000=00 | 02 (दो) माह |
| 7 | पुलिस लाईन से नावाडीह पथ के 3रे कि0मी0 में पुलिया मरम्मति कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20000=00 | 01 (एक) माह |
| 8 | चौपारण–चतरा पथ के 11वें कि0मी0 (परसौनी गाँव) में 14वें कि0मी0 एवं 15वें कि0मी0 (ईटखोरी) में 400मी0 नाली निर्माण कार्य। | 48.00 | 5000=00 | 100000=00 | 02 (दो) माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in , एवं कार्यालय से सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट : परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 336528 Road(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 22 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## रामरतन स्कूल को एक साल में ही मिलेगा इंडोर स्टेडियम, विधायक ने किया भूमि पूजन

# ढोरी ग्राउंड में 10 करोड़ रु की लागत से बनेगा स्टेडियम, भूमि पूजन जल्द

**स्टेडियम में बास्केटबॉल-बालीवॉल व बैडमिंटन कोट के साथ ही होगा योगा रूम**

## फुसरों के लोग धैर्य रखें, किसी को बेघर नहीं होने दिया जायेगा: अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता


रामरतनन हाई स्कूल परिसर में इंटोर स्टेडियम का भूमि भूजन करते बेरमो विधायक।

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की पहल पर रामरतन हाई स्कूल में इंडोर स्टेडियम बनने जा रहा है, जिसका शनिवार को भूमि पूजन किया। यह स्टेडियम पुराना बीडीओ ऑफिस में रामरतन स्कूल की जमीन पर बनेगा। विदित हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस स्टेडियम का ऑनलाइन शिलान्यास किया था, जिसका विधायक ने शनिवार को भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ करवाया। उक्त स्टेडियम तीन करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से आशा बिल्डिकोन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्माण कराया जाएगा। विधायक ने संवेदक को कई निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बोकारो जिले में पहला इंडोर स्टेडियम बेरमो विधानसभा में बनने जा रहा है। इस स्टेडियम में सिंथेटिक बास्केटबॉल कोट, बॉलीबॉल कोट, बैडमिंटन कोट के अलावा योगा मैट के साथ योगा रूम, इंडोर टेबल 3 टेनिस रूम, एक जिम रूम रहेंगे। इसके अलावा महिलाओं व पुरुषों के लिए 8-8 शौचालय भी बनाए जाएंगे। पूरे स्टेडियम में रात्रि में भी खेलने के लिए फ्लड लाइट लगायी जायेगी। इसको बनाने में एक वर्ष का समय लगेगा। विधायक ने कहा कि रामरतन स्कूल का भवन बन कर तैयार हो गया है। अभी कुछ काम बाकी है जिसे पूरा करते हुए नवरात्र के पहले उसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि करगली गेट से बेरमो सिम सड़क पर कारो रेलवे साइडिंग को लेकर नये सीएचपी टावर बनाने का काम किया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद सीसीएल की जमीन पर डायवर्सन कर रोड का निर्माण कराया जाएगा। उधर, गोमो रेलवे की ओर से फुसरो शहर में रेलवे की जमीन पर बसे लोगों को नोटिस दिये जाने संबंधि पूछे गये सवाल पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को उजाड़ना नहीं, बल्कि बसाना जानती है। लोग धैर्य रखें। किसी को भी बेघर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिंदेश्वरी दुबे महाविद्यालय पिछरी में माइनिंग की पढ़ाई शुरू की जाएगी। सर्वे के तीन से चार महीने के बाद पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि ढोरी ग्राउंड में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्टेडियम का भूमि पूजन भी जल्द किया जाएगा। इस मौके पर बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, परवेज अख्तर, अशोक अग्रवाल, भोलू खान, हरेंद्र सिंह, अरुण सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, दीपक महतो, राजू सिंह, रोशन सिंह, संतोष सिंह, सुषमा कुमारी, गीता कुमारी, गिरधारी महतो, ललन रवानी, उमेश रविदास, संतन सिंह, राजेश्वर सिंह, नरेश गुप्ता, रंजीत महतो, दिलीप सिंह, चंदन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## चलकारी में कई योजनाओं का शिलान्यास



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड के चलकारी पंचायत में विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने शनिवार को कई योजनाओं का शिलान्यास शिलापट का अनावरण कर किया। इसमें चलकरी उत्तरी पंचायत गिरी टोला हनुमान मंदिर के समीप सोलर डीप बोरिंग शामिल है, जिसकी लागत करीब चार लाख रुपए आयेगी। वहीं, नवाबांध शिव मंदिर से लोहर गडिया की ओर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ, जिसे 2.5 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। चलकरी उतरी पंचायत मंडल टोला मंदिर चौक से सुभाष मंडल के घर तक ढक्कन सहित नाली की मरम्मती 350 फिट का शिलान्यास किया। यह कार्य लगभग 2.5 लाख रुपए से पूरा किया जाएगा। चलकरी उत्तरी पंचायत जहांगीर के घर के समीप ढक्कन सहित नाली का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य लगभग 2.5 लाख रुपए से पूरा किया जाएगा। इसके अलावा चलकरी उतरी के बड़का बांध तालाब में स्नान घाट का निर्माण होगा, जिसकी लागत दो लाख रुपए है। चलकरी दक्षिणी पंचायत झुंझको बड़की टांड़ काली सिंह के घर से राजू के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य भी शामिल है। वहीं, चलकरी दक्षिणी पंचायत झुंझको हदहदिया से लेकर सलयाबाड़ी अस्पताल तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लागत 3.5 लाख रुपए है।

## बिना चालान बालू का परिवहन करते 2 हाइवा एवं एक टाटा 407 जब्त



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में शुक्रवार की रात टुंडी और बलियापुर थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि जांच के क्रम में टुंडी थाना क्षेत्र के घुरनीबेड़ा से एक हाइवा और लोधरीया मोड़ के पास एक टाटा 407 को बिना परिवहन चालान बालू का परिवहन करते पकड़ा गया। वहीं अभियान की दूसरी कड़ी में बलियापुर थाना क्षेत्र में बिना परिवहन चालान बालू का परिवहन करते हाइवा को जब्तच किया गया। तीनों वाहनों को संबंधित थाना को सौंप कर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। गोविंदपुर सीओ धर्मेन्द्र दुबे, टुंडी सीओ जितेन्द्र प्रसाद, बलियापुर सीओ सुदीप एक्का आदि शामिल थे।

## युवक की पीट-पीट कर हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव थाना क्षेत्र अन्तर्गत रपुरा गांव से शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे पुलिस ने उक्त गांव निवासी स्वर्गीय उपेन्द्र पांडे के लगभग 23 वर्षीय पुत्र मनीष पांडे नामक युवक का शव झाड़ी से बरामद किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मनीष को देखने से ऐसा प्रतीत हुआ कि लाठी-डंडे और इंट पत्थर से मारकर उसकी हत्या की गई है। देर शाम मनीष अपने मोटरसाइकिल लेकर घर से बाहर निकाला था लेकिन गांव के ही शिव मंदिर के पास उसके साथ मारपीट कर झाड़ी में फेंक दिया गया। वहीं धिरे धिरे गांव के लोग वहां पहुंच कर झाड़ी में खोजबीन किया तो देखा कि मनीष पांडे है। ग्रामीणों के पहुंचने तक मनीष की तब तक मौत हो चुकी थी। वहीं शव से कुछ दुर हट कर आहर में मोटरसाइकिल देखा गया। मिली जानकारी के अनुसार मनीष पेसे से टेंपू चलाता था। वहीं सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट के बाद गांव के कुछ लोगों ने जाना लेकिन मनीष को अस्पताल नहीं ले जाया गया जिसके कारण मनीष की घटनास्थल पर मौत हो गई। संतोष शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला ग्राम रामपुर थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बिहार के निवासी युवक अपने मौसी के यहां रहता था जिसके द्वारा मनीष की बहन पर संतोष शुक्ला द्वारा अश्लील टिप्पणी को लेकर दोनों में तनाव था। मृतक मनीष पांडे की बहन को छेड़छाड़ के कारण ही झगड़ा में अभियुक्तों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।

## रैली को लेकर भाजपा नेताओं ने कसी कमर



**धनसार (आजाद सिपाही)।** भाजपा की घोषित परिवर्तन रैली को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न मंडल, बूथ कमेटी और शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों ने कमर कस लिया है। बस्ताकोला में रैली की तैयारियों को लेकर भजपा बस्ताकोला मंडल की बैठक शनिवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तरुण राय ने किया। जिला महानगर उप अध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा ने कहा कि परिवर्तन रैली में भ्रष्टाचार में डूबी झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने का शंखनाद किया जाएगा। वहीं, परिवर्तन रैली का बस्ताकोला गोशाला मोड पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर संतोष रवानी, रिंकू शर्मा, संजय रवानी, रामदेव शर्मा, काजू राय, संजय राम, राजू दास, अनित सिंह, अमित बाउरी, सिमरन देवी और सुनीता पासवान आदि उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice**

**3rd Call**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-17/2024-25**

**Letter no - 1021 Date:-.20.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Checkdam at Ghadsari Nala Block- Chouparan, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 55,80,027.09 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 24.09.2024 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 01.10.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 01.10.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 04.10.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

PR 336539 Minor Irrigation(24-25).D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,Hazaribag.



**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।**
**अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

**नेशनल कम्पेटेटिभ बिडिंग**

**(1st Call) गैर–योजना मद**

ई–टेण्डर रेफ्रेंस नं॰ : प॰नि॰वि॰/लोहरदगा–621/2024–25दिनांक : 20.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Footpath and Paving of Paver Blocks including Beautification Work in the Periphery of New Collectoriate Building in Kutchary More to Lohardaga Railway Station Road and Circuit House to B.S. College Road. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू॰ लाख में) | रू॰ 60.00 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू॰ लाख में) | रू॰ 1.20 लाख। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह। |
| 5. | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.10.2024 (पूर्वाह्न 10:30 बजे) |
| 6. | वेबसाईट में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.10.2024 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 7. | वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि | 07.10.2024 (अपराह्न 03:00 बजे) |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा। |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7541078156 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

1. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है।
2. किसी भी प्रकार का बदलाव/नियम एवं शर्तें http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 336575 Lohardaga(24-25)D पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा।


## 10 दिन के अंदर गोफ भराई नहीं हुआ तो दो अक्टूबर को होगा आंदोलन : पूर्णिमा



**धनसार (आजाद सिपाही)।** नागेश्वर शिव मंदिर परिसर में गोफ भराई के नाम पर बीसीसीएल प्रबंधन टाल मटोल की नीति अपना रही है। उक्त आरोप झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने लगाया। शनिवार को गोफ स्थल का निरीक्षण करने के दौरान वहां मौजूद बीसीसीएल अधिकारियों को खूब खरी खोटी सुनायी। कहा कि झरिया विस क्षेत्र को टापू बनाकर छोड़ने की मंशा बीसीसीएल प्रबंधन की नहीं चलने दी जाएगी। अगर 10 दिन के अंदर स्थानीय लोगों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों की मांग के अनुसार जमीन समतलीकरण नहीं हुआ तो दो अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन वो खुद ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय में तालाबंदी कर धरना पर बैठ जायेंगीं। बताते चलें कि पूर्णिमा सिंह स्थानीय लोगों की सूचना पर शनिवार को मंदिर परिसर पहुंची थी। उन्होंने बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक को मौके पर बुलाया। इस दौरान महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि गोफ की भराई कर दी गई है, लेकिन ग्रामीण तत्काल मंदिर के पिछले हिस्से की जमीन को ओबी डालकर ऊंचा करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने करीब दो दिन से बीसीसीएल के एक डोजर को भी मंदिर परिसर में खड़ा करके रखा है। मंदिर परिसर के समीप बालू भराई के लिए वरीय अधिकारी को नोट सीट बनाकर भेजा गया है। मंदिर परिसर के पीछे पुराना कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोड है। पहले तो वहां प्रबंधक ने असमर्थता जाहिर करते हुए जमीन समतल करने पर खेद व्यक्त किया। इस दौरान पूर्णिमा सिंह के कड़े तेवर को देखकर महाप्रबंधक ने 10 दिन का समय ग्रामीणों से मांगा जिस पर ग्रामीणों ने सहमति जताई। मौके पर राजापुर पीओ केके सिंह, अभिषेक कुमार, देवाशीश बाग के अलावा मंदिर कमेटी से मनोज चौहान, खगेश शर्मा रिंकू शर्मा, रामकृष्ण पाठक, अक्षय लाल यादव, अनिल नोनिया आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने की थी युवती की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बरियो बस्ती में विगत 18 सितंबर को आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। जिले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान बानेश्वर मरांडी उर्फ सगेन मरांडी के रूप में हुई है। इसकी जानकारी सिटी एसपी अजीत कुमार ने दी। वे शनिवार को गोविंदपुर थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बानेश्वर मरांडी उर्फ सगेन ने अपनी प्रेमिका पार्वती की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी थी, क्योंकि वह बानेश्वर पर शादी का दबाव बना रही थी। हालांकि उन्होंने जांच का हवाला देते हुए इससे अधिक कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। गौरतलब हो कि बरियो बस्ती में 18 सितंबर को दिनदहाड़े एक आदिवासी युवती की हत्या कर दी गई थी। परिजन चुपचाप दाह संस्कार करने की तैयारी में थे पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश हसदा ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। स्थानिय लोगों की मानें तो वारदात वाले दिन युवती के घर से दो लोग टी-शर्ट व जूता पहने उसके घर से निकले थे। यही नहीं, युवती ने मरने से पहले 112 नंबर भी डायल किया था। पर तब उसे कोई मदद नहीं मिली थी। हालांकि इस मामले को कथित रूप से दबाने के प्रयास किया जा रहा है। पर क्यों इसका जवाब फिलहाल नहीं मिल पाया है। उधर, मामले को लेकर भाजपा की ओर से विगत दिनों विरोध प्रदर्शन भी किया गया था।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का पहला दिन कदाचार मुक्त संपन्न

# जेएसएससी-सीजीएल की पहले दिन की परीक्षा में 19,625 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पहले दिन शनिवार को आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी की थी। इसके लिए चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में कुल 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 29,700 परीक्षार्थी शामिल होने वाले थे। पहले दिन प्रथम व द्वितीय पाली में कुल 10,075 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 19,625 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं, तृतीय पाली में कुल 10,074 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 19,625 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। उक्त जानकारी डीसी विजया जाधव ने शनिवार की शाम परीक्षा संपन्न होने के बाद समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को दे रही थीं।




### विभिन्न परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

डीसी सह परीक्षा के जिला समन्वयक विजया जाधव, डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों (सेंटर जेवियर्स स्कूल, अयप्पा स्कूल, चिन्मया विद्यालय, जीजीपीएस सेक्टर 05 आदि) का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की जानकारी ली। पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय में संचालित नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। परीक्षा के नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त चास अनंत कुमार ने सभी केंद्रों की जानकारी ली। वहीं, डीसी ने कुद बोकारो जिला कोषागार में अहले सुबह से प्रतिनियुक्त पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट/पुलिस पदाधिकारी की देख-रेख में प्रश्न पत्र के बक्सों को सभी परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुंचाया। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों का प्रवेश द्वार खोला गया। जिसमें कतारबद्ध होकर परीक्षार्थियों ने बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश किए। सभी केंद्रों पर जैमर लगा हुआ था। नियंत्रण कक्ष से भी डीसी ने सभी परीक्षा केंद्रों में अद्धिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से केंद्रों के केंद्राधीक्षक (सीएस) कक्ष का जायजा लिया। कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली है।

## झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का महासम्मेलन आज, आंदोलन की बनेगी रणनीति



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन में विशाल महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड सहित अन्य राज्यों से संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। इसे लेकर एसोसिएशन की ओर से शनिवार को सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गयी। जिसमें संगठन के अधिवक्ता अभय कांत मिश्रा ने बताया कि होमगार्ड के जवान पुलिस की तरह ही काम करते है, लेकिन पुलिस कर्मियों की तरह उन्हें सुविधा नहीं मिलती है। होमगार्ड के जवानों को काफी कम वेतन मिलता है। अब सरकार समान काम का समान वेतन देने की बात कर रही है, लेकिन ना तो पीएफ दिया जाता है ना ही कोई सरकारी सुविधा ही दी जा रही है। इस सभी मांग को लेकर सम्मेलन में चर्चा करने के बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी।1

## 'स्वच्छता दौड़' का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने देश की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ मिलकर शनिवार को नई दिल्ली के नेहरू पार्क में 'स्वच्छता दौड़' आयोजित किया। इसका नेतृत्व इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने किया।


**District Legal Services Authority, Koderma**

**Important Notice**

This is to inform that the Interview for the post of Para Legal Volunteer, Koderma is scheduled to be held on 26.09.2024, 27.09.2024 and 29.09.2024 in the Chamber of the Principal District Judge-cum-Chairman, DLSA, Koderma.

All applicants are requested to come with original documents for interview and for detailed information you may visit the website of Civil Court, Koderma (https://districts.ecourts.gov.in/koderma) and contact the Office of DLSA, Koderma.

| Sl. No. | Date of Interview | Interview Time | Reporting Time |
|---|---|---|---|
| 01-35 | 26.09.2024 | 01:30 PM | 12:30 PM |
| 36-70 | 27.09.2024 | 01:30 PM | 12:30 PM |
| 71-135 | 29.09.2024 | 11:00 AM | 10:00 AM |

Sd/-
Civil Judge (Sr. Div.)-cum-Secretary
District Legal Services Authority, Civil Court, Koderma

PR 336546 Law(24-25)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, LATEHAR**
**Email id – eercdlatehar-jhr@nic.in**

**Letter No. 615 Latehar / Dated 20-09-2024**
**Very Short Notice invitation Quotation (1st Call)**
**Quotation No.- 01 /2024-25**

Sealed Quotations for supply of Scorpio (N Series) of equivalent hard top vehicles for Road inspection uses are invited from competent suppliers including accessories and all applicable taxes including GST.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Department | Road Construction Department, Road Division, Latehar |
| 2 | Name address of Authority inviting Quotation. | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Latehar. |
| 3 | Date and time for receiving of Quotation. | 30-09-2024 up to 3.00 P.M. |
| 4 | Date and time of opening of Quotation. | 30-09-2024 On 3.30 P.M. |
| 5 | Place of Opening Quotation. | Office of the Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Latehar. |

| Sl. No. | Item of Work | Unit | Rate (In Rs.) | Qty. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Re-Construction work of Balumath -Murpa-Lapra Road (MDR-143) (Total Length-23.00 Km) | Per Vehicle per Month | 60,000.00 Vehicle Fare with Fuel | 12 Month |

कार्यपालक अभियंता,
PR 336606 (Road Construction Dept Road Division Ranchi) 24-25 (D) प॰नि॰वि॰ पथ प्रमण्डल, लातेहार।

## चौथे विश्व क्रिटिकल केयर सम्मेलन का उद्घाटन

# चिकित्सा शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए : कनक वर्धन सिंहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव ने कहा है कि चिकित्सा शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए, ताकि हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सके। अच्छी चिकित्सा देखभाल अभी केवल बड़े शहरों में ही उपलब्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इन सुविधाओं के लिए शहरों में आना पड़ता है। कितने ही लोगों की जान चली जाती है। श्री सिंहदेव ने यह बात शुक्रवार को चौथे वर्ल्ड कॉम्प्रिहेंसिव क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए कही।

श्री सिंहदेव ने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को काफी पैसा खर्च करना पड़ता है। इसलिए शिक्षा पूरी होने के बाद ये डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में काम करने के बजाय शहरों में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए मेडिकल शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए कदम उठाने होंगे। श्री सिंहदेव ने कहा कि ओड़िशा में भाजपा सरकार राज्य में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जो भी व्यक्ति स्वास्थ्य शिक्षा के लिए आवश्यक माहौल बनाना चाहता है, सरकार उसे हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। गुरुवार से शुरू हुए 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन इंडियन सोसाइटी फॉर क्रिटिकल केयर फाउंडेशन (आइएससीसीएफ) के सहयोग से सम अल्टीमेट मेडिकेयर (सम्मम) द्वारा किया गया है। सम्मेलन का विषय 'बहु अंग विफलताः रोकथाम और प्रबंधन डिमिस्टिफाइड' है। कार्यक्रम में इस विषय पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कोविड-19 की तबाही का उल्लेख करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि राज्य में इस समय इस तरह की महामारी से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे, डॉक्टरों, अन्य कर्मचारियों और उपकरणों की कमी है, लेकिन कई लोगों की जान बचायी जा सकती है क्योंकि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोग आपदा का सामना करने के लिए एक साथ आये। उद्घाटन समारोह में आइएससीसीएम के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) प्रदीप कुमार भट्टाचार्य, सम्मम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ श्वेतपद्म दास, डब्ल्यूसी के अध्यक्ष और प्रबंध ट्रस्टी प्रो (डॉ) नरेंद्र रूंगटा, सम्मम के क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख और सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बानाम्बर रॉय और सम्मम क्रिटिकल केयर विभाग के वरिष्ठ सलाहकार और आयोजन समिति के संपादक डॉ आनंद मिश्र उपस्थित रहे और अपना वक्तव्य रखे।

# किट में मौसम और जलवायु हैकथॉन सम्मेलन का समापन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मौसम और जलवायु हैकथॉन, एक उपयोगी कार्यक्रम जिसका उद्देश्य मौसम, जलवायु परिवर्तन और वायु गुणवत्ता से संबंधित वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है किट डीम्ड विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हो गया। इसका आयोजन न्यूयॉर्क सिटी यूनिवर्सिटी के ब्रोंक्स कम्युनिटी कॉलेज द्वारा हैदराबाद और मुंबई में अमेरिकी कान्सुल के सौजन्य से किया गया था।

इस कार्यक्रम का समापन एक पिच प्रतियोगिता के रूप में हुआ। इसमें सबसे प्रभावशाली और अभिनव समाधानों को पुरस्कृत किया गया। डॉ मिल्टन सैंटियागो, अध्यक्ष, ब्रोंक्स कम्युनिटी कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने जलवायु परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं और इसे संबोधित करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि इस कार्यक्रम ने विदेशों से आये प्रतिभागियों को ओडिशा, इसकी समृद्ध संस्कृति और विरासत और शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में बेहतर जानकारी दी है। सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के प्रो पीटर ग्रॉफमैन ने भविष्य को जलवायु से बचाने और जलवायु चरम सीमाओं के लिए तैयारी करने के तरीके पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास मुंबई की लोक कूटनीति अधिकारी सीता राइटर, अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास हैदराबाद के जनसंपर्क अधिकारी अलेक्जेंडर मैकलारेन, प्रो नील फिलिप और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के ब्रॉन्क्स कम्युनिटी कॉलेज की प्रोफेसर परमिता सेन ने अपने विचार रखे।

# सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क डॉ अच्युत सामंत अनुसंधान संस्थान की स्थापना करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** न्यूयॉर्क की सिटी यूनिवर्सिटी ने डॉ अच्युत सामंत के नाम से एक शोध संस्थान की स्थापना की घोषणा की, जो अमेरिकी छात्रों को ओड़िशा की समृद्ध कला और विरासत पर शोध करने का अवसर प्रदान करेगा। इस केंद्र को 'द सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में द क्यूनी क्रेस्ट इंस्टीट्यूट की अच्युत सामंत इंडिया इनिशिएटिव' के रूप में जाना जायेगा। इसका उद्घाटन अगले महीने डॉ सामंत द्वारा किया जायेगा। यह घोषणा ब्रोंक्स कम्युनिटी कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के अध्यक्ष डॉ. मिल्टन सैंटियागो ने की, जिन्होंने डॉ सामंत को नये शोध संस्थान का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। डॉ सैंटियागो ने विश्वविद्यालय के मिशन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में, हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में सार्वजनिक मामलों के अधिकारी अलेकजेंडर मैकलारेन ने अमेरिका और भारत के बीच शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। सीयूएनवाइ के एक प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर पीटर ग्रॉफमैन, जिनके नाम पर 66000 उद्धरण हैं, उन्होंने जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

सीता रायटर, पब्लिक डिप्लोमेसी ऑफिसर, यूएस कॉन्सुलेट जनरल मुंबई; प्रो परमिता सेन और प्रो नील फिलिप ब्रोंक्स कम्युनिटी कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क से; सलिल कादर, सलाहकार-स्ट्रैटेजिक प्लानिंग एंड पब्लिक एंगेजमेंट पब्लिक डिप्लोमेसी सेक्शन, यूएस कॉन्सुलेट जनरल हैदराबाद और प्रो. सरनजीत सिंह, वाइस चांसलर, किट डीयू ने भी इस अवसर पर बात की।

# दैनिक रोगी प्रवाह एम्स की सफलता को दर्शाता है: डिप्टी सीएम

- एम्स भुवनेश्वर ने नवाचार और करुणा के साथ 12वां वार्षिक दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्रीय संस्थान, एम्स भुवनेश्वर ने शनिवार को अपना 12वां वार्षिक दिवस नवाचार और करुणा की भावना के साथ मनाया। उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान की सराहना की, जिसमें दैनिक रोगी प्रवाह इसकी सफलता को दर्शाता है। एम्स भुवनेश्वर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह देव ने संस्थान की उल्लेखनीय रोगी देखभाल की सराहना की और भूमि और अन्य जरूरी मुद्दों को हल करने में राज्य सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

अपने भाषण में कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने एम्स भुवनेश्वर की टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और रोगी देखभाल और चिकित्सा उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमने जटिल जीवन-रक्षक प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया है और स्वास्थ्य सेवा में नवाचार के प्रति मजबूत समर्पण का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कई उल्लेखनीय चिकित्सा सफलताओं पर प्रकाश डाला, जैसे मृत दाताओं से अंगों की पुनर्प्राप्ति, इसीएमओ थेरेपी, और खोपड़ी से 7 किलो के सिनोवियल साकोर्मा ट्यूमर को हटाने जैसी जटिल सर्जरी।

संस्थान ने पिछले वर्ष 10 लाख से अधिक बाह्य रोगियों का इलाज किया है और 17 लाख नैदानिक परीक्षण और 25,000 सर्जरी की हैं। यह 7,05,760 टोकन उत्पन्न करके आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पंजीकरण में देश में तीसरे स्थान पर है। इसने 2024 के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में 15वां स्थान हासिल किया है, जो 2022 में 26वां था।

इस आयोजन में आकर्षक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला भी शामिल थी, जिसमें सफल प्रतिभागियों को मान्यता दी गई और पुरस्कृत किया गया। उत्सव के दौरान एम्स भुवनेश्वर ने अपनी वार्षिक स्मारिका द इनसाइट का उद्घाटन किया। समारोह में डीइएएन (अकादमिक) डॉ पीआर महापात्रा, डीईएएन (अनुसंधान) डॉ सत्यजीत मिश्रा, डीईएएन (परीक्षा) डॉ. सौभाग्य कुमार जेना, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परिदा और डीडीए लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजन समिति की सचिव डॉ श्वेता सिंह और अतिरिक्त सचिव डॉ सोमनाथ पाधी ने एम्स भुवनेश्वर की उपलब्धियों का निर्बाध उत्सव सुनिश्चित करते हुए सटीकता के साथ कार्यक्रम का समन्वय किया।

# एएसआइ और विशेषज्ञ की टीम श्रीजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का निरीक्षण करने पहुंची

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एएसआइ और विशेषज्ञ टीम ने रत्न भंडार का निरीक्षण करने गयी। रत्न भंडार का निरीक्षण शनिवार से 23 तारीख तक चलेगा। बताया गया है कि विशेषज्ञ टीम गुप्त रत्न भंडार और सुरंग की जांच कर रही है। विशेषज्ञ दल ने विश्लेषण और जांच कर रहे हैं कि आंतरिक और बाहरी रत्न भंडार की दीवारों या चटान के पास कोई गुप्त कक्ष हैं या नहीं। इसके लिए नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया जायेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 17 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इसमें केंद्र सरकार के दो तकनीकी संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल हैं। निरीक्षण प्रक्रिया तीन दिन तक सुबह 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। इसे ध्यान में रखते हुए महाप्रभु की दैनिक नीति कांति शीघ्र किया जायेगा। दोपहर एक बजे से शाम तक महाप्रभु का सार्वजनिक दर्शन बंद रहेगा। श्रीजगन्नाथ मंदिर में शारदीय दुर्गा पूजा की प्रक्रिया 24 तारीख से शुरू होगी। श्रीजीउ के पास इसके लिए कुछ विशेष नीतिकांति हैं। इसलिए रत्न भंडार का निरीक्षण इससे पहले ही पूरा कर लिया जायेगा।

# विशेष अभियान 4.0 के लिए तैयार है एमसीएल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के अंगुल, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिलों में अपने परिचालन क्षेत्रों में स्वच्छता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) स्वच्छता पर विशेष अभियान 4.0 की तैयारी कर रही है। यह अभियान विभिन्न उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें कार्यालय स्थानों में सुधार, सफाई और कुशल स्क्रैप निपटान सुनिश्चित करना शामिल है। यह पर्यावरण के अनुकूल पहलों और कचरे को धन में बदलने पर जोर देने के साथ अंतरिक्ष उपयोग को अनुकूलित करने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम कर रहा है। अभियान का एक प्रमुख घटक इसका नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण है, जो स्थानीय समुदायों को स्वच्छता के प्रयासों में शामिल करता है। पर्यावरण प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देकर, एमसीएल का उद्देश्य इस क्षेत्र के लिए एक स्वच्छ, हरित भविष्य बनाना है।

# पछरियाडीह में एक सप्ताह बाद आयी बिजली



**राजधनवार गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शनिवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के धनेपुरा पंचायत अंतर्गत पछरियाडीह में एक सौ केवी का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ट्रांसफार्मर जल जाने से गांव के लोग एक सप्ताह से अंधेरे में थे। ग्रामीणों से इसकी जानकारी मिली तो श्री सिंह ने विभाग से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर दिलाया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गयी। श्री सिंह ने कहा की ट्रांसफार्मर जल जाने से इस गांव के ग्रामीणों ने मुझे जानकारी दी। ग्रामीणों के आग्रह पर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर नरेश विश्वकर्मा, रामदेव यादोव, संत कुमार, बिनोद राम, राजेंद्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, अशोक तुरी, शिवशंकर राम, कुंदन कुमार, मिथलेश राम, मुंसी राम, छोटू कुमार मौजूद थे।








# ग्रामीण विकास विभाग का मुख्य अभियंता गिरफ्तार 46.45 लाख रुपये नकद, कई घर और भूखंड मिले

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** बालेश्वर में ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता को गिरफ्तार कर लिया गया है। एनवी हरिहर राव को आय से अधिक संपत्ति के मामले में सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार किया है। आज उनको अदालत में पेश होने की उम्मीद है। शुक्रवार को सतर्कता अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में मुख्य निर्माण अभियंता एनवी हरिहर राव के कार्यालय और आधिकारिक आवास और ब्रह्मपुर, भुवनेश्वर, फुलबानी और क्योंझर जिलों में 11 स्थानों पर छापा मारा। इसमें 46.45 लाख रुपये नकद और 1.1 करोड़ रुपये बैंक जमा और अचल संपत्ति का पता चला है। ब्रह्मपुर के भबनीपुर में दो मंजिला घर, भुवनेश्वर पात्रपडा में एक मंजिला घर, ब्रह्मपुर कमापल्ली में स्पेक्ट्रम ग्रीन अपार्टमेंट में 3 बेडरूम का फ्लैट, फुलबानी जिले के ओलेन ब्याच स्थित में पैतृक निवास, बालेश्वर में ग्रामीण निर्माण मंडल कार्यालय, सरकारी क्वार्टर, निवास क्योंझर में स्थित ग्रामीण निर्माण परिसर, तुलसीनगर, ब्रह्मपुर और शांतिनगर में एक रिश्तेदार के घर और क्योंझर बलदेब जिउ कॉलोनी में एक सहयोगी के घर पर 11 स्थानों पर छापेमारी की गयी।




# भुवनेश्वर के वीएसएस नगर में तीन घंटे के अंदर रोड ओवरब्रिज पर गर्डर तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) ने केवल तीन घंटों के भीतर 36 मीटर लंबे, 35 टन के पांच स्टील गर्डर को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। गर्डरों को भुवनेश्वर और मंचेश्वर रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित वीएसएस नगर में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) परियोजना के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया था। यह जटिल कार्य पूर्व तट रेलवे के निर्माण विंग द्वारा खुर्दा रोड डिवीजन के सहयोग से सावधानीपूर्वक नियोजित 3-घंटे के यातायात और ओवरहेड उपकरण (ओएचइ) ब्लॉक के तहत किया गया था। भुवनेश्वर में मुख्य परियोजना प्रबंधक (सीपीएम) और उनकी टीम ने कई तार्किक चुनौतियों के बावजूद कार्य को पूरा करने में कामयाबी हासिल की और परियोजना निष्पादन में एक बेंचमार्क स्थापित किया। 36 मीटर तक फैले इन गर्डरों की सफल लॉन्चिंग कोई छोटी उपलब्धि नहीं थी।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**